BRIEF NEWS

### सांसद ने सारंडा के कई गांव का किया दौरा, योजनाओं का किया उद्घाटन



**KIRIBURU:** सांसद गीता कोड़ा ने नक्सल प्रभावित सारंडा के छोटानागरा, गंगदा एवं दिरीबुरु पंचायत के विभिन्न गांवों का शुक्रवार को दौरा किया. इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व समाधान का भरोसा दिया. इस क्रम में सांसद ने डीएमएफटी फंड से लघु सिंचाई विभाग द्वारा राजाबेड़ा गांव के मुंडा जामदेव चाम्पिया के घर से कोयना नदी तट स्थित जोहरा सिद्धू के घर तक 400 मीटर पीसीसी सड़क एवं एक पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. यह पीसीसी सड़क व पुलिया का निर्माण लगभग 96.16 लाख रुपये की लागत से बनाया जायेगा. इस दौरान सांसद ने कार्य के कनीय अभियंता ने न्यूनतम मजदूरी के बाबत जानकारी मांगी. लेकिन वह मजदूरी के संबंध में नहीं बता पाए. इस पर सांसद ने कहा कि कार्य में लगे मजदूरों को अगर न्यूनतम मजदूरी नहीं मिला एवं गुणवता के साथ छेड़छाड़ हुआ तो कार्य बंद करा दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने बोकना में पीसीसी सड़क का शिलान्यास, कुम्बिया एवं लेम्ब्रे में तीन ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया. वहीं, सलाई एवं रोवाम में ग्रामीणों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी. ग्रामीणों ने पेयजल, सिचाई, नदी पर पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, रोजगार आदि अनेक समस्याएं रखी. सांसद ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ उठाने एवं अन्य समस्याओं का समाधान का भरोसा दिया. इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद को मांग पत्र सौंपा।

### बाबूलाल ने की रघुवर दास से मुलाकात

**RANCHI:** भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद बाबूलाल मरांडी लगातार राज्य के प्रमुख भाजपा नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। शुक्रवार को बाबूलाल मरांडी रांची में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने, प्रदेश कार्यसमिति के गठन समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

### मिशन इंद्रधनुष को लेकर बैठक, प्रचार-प्रसार करने का निर्णय

**BALUMATH :** आगामी सात अगस्त से प्रारंभ होने वाले मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बैठक की गयी. बैठक में डीडीएम (आइडीएसपी) वेद प्रकाश, डीएएम उमेश प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार राम व बीपीएम मृत्युंजय कुमार आदि मौजूद थे. बैठक में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सभी प्रकार के छूटे टीकाकरण करने की बात कही गई. इसके अलावा परिवार नियोजन पखवाड़ा, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य व कुष्ठ रोग आदि निवारण के लिए चलाई जा रही कार्यों की समीक्षा की गई. डीडीएम वेद प्रकाश ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष आगामी सात अगस्त से 12 अगस्त तक चलेगी. उन्होंने इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने की बात कही।

### गुरुनानक कॉलेज के सामने कुलपति का फूंका पुतला

**DHANBAD:** आजसू छात्र संघ ने 7 सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत शुक्रवार 14 जुलाई को बाघमारा कॉलेज और गुरुनानक कॉलेज के मेन गेट के समीप बीबीएमकेयू कुलपति का पुतला दहन किया। बाघमारा कॉलेज में छात्र नेता प्रमोद कुमार और गुरुनानक कॉलेज में नितेश महतो के नेतृत्व में पुतला फूंका गया. पुतला दहन के चरणबद्ध आंदोलन के बाद आजसू छात्र संघ 18 जुलाई को विश्वविद्यालय मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करेगा. इसके बाद 21 जुलाई को रांची में राजभवन के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने राजस्थान विधानसभा को किया संबोधित, बोलीं- विधायक मैं और मेरे से ऊपर उठें

## संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष राजस्थानी, यह गौरव की बात

**AGENCY JAIPUR:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के दो सदनों को राजस्थानी चला रहे हैं, ये गर्व की बात है। इस दौरान राष्ट्रपति ने विधायकों को मैं और मेरा से ऊपर उठने की नसीहत देते हुए कहा कि प्रदेश और जनता के लिए सोचें। मुर्मू ने अपने भाषण की शुरूआत राजस्थानी में की। उन्होंने कहा कि अतिथि को भगवान मानने की भारतीय परंपरा को राजस्थान ने बहुत बढ़िया से निभाया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राजस्थान री धोरां री धरती रां निवासियों ने शुभकामनाएं।

कुछ बोलने से पहले इस विधानसभा की पावन धरती को मैं नमन करती हूं। 1952 में राजस्थान विधानसभा का गठन हुआ, तब से 71 वर्ष का गौरवशाली इतिहास रचा गया। राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। पूर्व राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्षों, विधायकों को भी धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि सदन में क्या बोलता है यह कभी-कभी अखबारों से पता लगता था, आज सबकुछ लाइव दिखता है। अतिथि को भगवान मानने की भारतीय परंपरा को राजस्थान ने बहुत निभाया है। यहां का अतिथि-सत्कार कोई नहीं भूल सकता। चंदरबरदाई का पृथ्वीराज रासो पहला हिंदी काव्य है जो राजस्थान में रचा गया। राजस्थान की मीरा बाई ने भक्ति साहित्य को अमूल्य योगदान दिया। जनजाति लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए मोतीलाल तेजावत ने संघर्ष किया। वीर बाला कालीबाई भील का बलिदान कौन भूल सकता है। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा का एक ही सत्र लंबा चलाने और सत्रावसान नहीं करने पर तंज कसते हुए नसीहत दी। राज्यपाल ने कहा कि विधानसभा के एक ही सत्र को लंबा नहीं चलाएं, सत्रावसान की कार्यवाही भी समय पर हो, इसकी आज सख्त आवश्यकता है। विधानसभा में कई बार हम देखते हैं कि कुछ विधायक सदन में गरिमापूर्ण आचरण नहीं करते हैं। हंगामा करते हैं, यह आचरण ठीक नहीं है। दूसरे को भी सुनने समझने का मौका देना चाहिए। विधायकों को आचरण सुधारने की आवश्यकता है।



राजस्थान संसद को संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ● फोटोन न्यूज

विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी ने स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का संबोधन हमारे लिए गर्व की बात है। राजस्थान ने लंबा सफर तय किया है और अब हमें आर्थिक-सामाजिक आजादी की दिशा में काम करना होगा। राजस्थान में हमने सोशल सिक्योरिटी देने का काम किया हैं। इससे पहले विधानसभा में पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मू का राज्यपाल कलराज मिश्र, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पैर में चोट के कारण विधानसभा नहीं आ सके। विधानसभा के इतिहास में सदन में राष्ट्रपति का भाषण पहली बार हो रहा है। विधानसभा मामलों के एक्सपर्ट और विधानसभा के पूर्व रिसर्च एंड रेफरेंस विंग के हेड कैलाश सैनी के मुताबिक राजस्थान विधानसभा में 1953 में देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू का भाषण हुआ था। 1952 में पहली बार विधानसभा का गठन हुआ था।

उस समय विधानसभा सवाई मानसिंह टाउन हॉल में चलती थी। नवंबर 2001 में विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन करने के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन आए थे। केआर नारायण ने उद्घाटन समारोह में भाषण दिया था, लेकिन यह समारोह सदन में नहीं हुआ था। उद्घाटन समारोह विधानसभा के गेट के सामने हुआ था। राष्ट्रपति के भाषण और विधानसभा से विदाई के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। विधानसभा में आज प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही नहीं होगी। विधानसभा में आज विधियां निरसन विधेयक और राजस्थान मेला प्राधिकरण विधेयक को पेश किया जाएगा। इसके बाद बालासोर रेल हादसे के पीड़ितों को सदन में श्रद्धांजलि दी जाएगी। बालासोर रेल हादसा पीड़ितों और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि देने के बाद विधानसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी जाएगी।

## श्रावणी मेले में आउटसोर्स कर्मियों के वेतन मद के लिए 1.24 करोड़ रुपये का आवंटन

**PHOTON NEWS RANCHI:** श्रावणी मेला देवघर में प्रतिनियुक्त अतिरिक्त कर्मचारियों के वेतन मद के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 1 करोड़ 24 लाख 83 हजार रुपए का आवंटन किया गया है. बता दें कि ये सभी कर्मचारी जिला अस्पताल, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और शिविरों में आउटसोर्सिंग के तहत विभिन्न श्रेणियों में अपनी सेवा दे रहे हैं। इनकी संख्या 318 है. इनमें एएनएम, सफाई कर्मी, वार्ड बॉय और सुरक्षाकर्मी शामिल है। इनकी सेवा श्रावणी एवं भादो मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया जाएगा।



**आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मिलेगा श्रम विभाग द्वारा निर्धारित मजदूरी**

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने देवघर सीएस को निर्देश दिया है कि आउटसोर्सिंग के तहत काम करने वाले कर्मियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम नहीं देना है। राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन देवघर होंगे। जबकि नियंत्री पदाधिकारी एसीएस अरुण कुमार सिंह होंगे।

| पदनाम | संख्या | पारिश्रमिक |
|---|---|---|
| एएनएमः | 50 | 14363 |
| सफाई कर्मीः | 150 | 12546 |
| वार्ड बॉयः | 100 | 13140 |
| सुरक्षा कर्मीः | 18 | 13714 |

### 31 जुलाई को विधानसभा में पेश होगा 2023-24 का पहला अनुपूरक बजट

**RANCHI:** 28 जुलाई से झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है। 4 अगस्त तक चलने वाले सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय की ओर से औपबंधिक कार्यक्रम जारी किया गया है। सत्र के पहले दिन 28 जुलाई को सदन में शोक प्रकाश लाया जाएगा। 29 और 30 जुलाई को सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगी. 31 जुलाई को प्रश्नकाल होगा। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 का पहला अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। 1 अगस्त को अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा। 2, 3 और 4 अगस्त को प्रश्नकाल चलेंगे और सदन में विधेयकों रखे जाएंगे। 4 अगस्त को गैर सरकारी संकल्प भी सदन में लाए जाएंगे।

## मॉडल स्कूलों के बेहतर संचालन में सहयोग करे HDFC BANK : CM

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड मंत्रालय में शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बैंक की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के विकास में सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। बताया कि एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, पेयजल, कृषि आदि क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभा रहा है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मॉडल



स्कूलों के बेहतर संचालन हेतु एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत सहयोग करे। इन स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं एवं व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी योगदान करे। बैंक राज्य में पशुपालकों को नुकसान से राहत देने निमित्त पशु बीमा पर बेहतर कार्य योजना बनाए। स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने तथा ऋण मुहैया कराना भी सुनिश्चित करे। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के ब्रांच बैंकिंग हेड (ईस्ट) संदीप कुमार, सर्कल हेड झारखंड कुमार अभिषेक, क्लस्टर हेड रांची धर्मेंद्र कुमार, स्टेट हेड गवर्नमेंट बिजनेस संतोष सिंह एवं शाखा प्रबंधक सुदीप्त भट्टाचार्य उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में वित्त मंत्री बने अजित पवार

**AGENCY MUMBAI:** महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल हुए एनसीपी के 9 मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। डिप्टी सीएम अजित पवार को वित्त और योजना विभाग का मंत्री बनाया गया है। छगन भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग सौंपा गया है। इसके अलावा, धनंजय मुंडे को कृषि, दिलीप वलसे पाटिल को सहकारी, अनिल पाटिल को पुर्नवास और आपदा प्रबंधन, संजय बनसोड़े को खेल और युवा मंत्रालय, अदिति तटकरे को महिला और बाल विकास, धर्मराव अत्राम को फुड एंड ड्रग विभाग, हसन मुश्रीफ को स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा (हेल्थ एजुकेशन) मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। इधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पास सामान्य प्रशासन, शहरी विकास, सूचना और प्रौद्योगिकी सूचना और जनसंपर्क, परिवहन, सामाजिक न्याय, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन और खनन विभाग रखा है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास गृह, कानून और न्याय, जल संसाधन और लाभकारी क्षेत्र विकास और ऊर्जा विभाग है। इनके अलावा, राधाकृष्ण विखे पाटिल को राजस्व, पशुपालन और डेयरी विकास विभाग, सुधीर सच्चिदानंद मुनगंटीवार को वानिकी, सांस्कृतिक गतिविधियां और मत्स्य पालन विभाग और चंद्रकांतदादा बच्चू पाटिल को उच्च और तकनीकी शिक्षा, कपड़ा उद्योग और संसदीय मामले का विभाग दिया गया है।

## कांके प्रखंड में कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास





शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ के मद से कांके प्रखंड के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय चेड़ी में एक कमरा का निर्माण, सुकुरहुटू पुरनी तालाब में कमावन सेड का निर्माण, का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके विधायक समरी लाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर, जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा,वरिष्ठ भाजपा नेता चुनिन्दर महतो , नसीब लाल महतो, गिरजा शंकर पांडेय ,ठानो मुंडा, सुनीता देवी, कमलेश राम, शिव कुमार, शानू कुमार, अनिल कुमार, पुरूषोत्तम दास गोस्वामी, रंजय साहू, अमित कुमार, गौतम साहू,कमख्या नारायण सिंह, बनिता मेहता, प्रशांत बैठा,मिथलेश कु सिंह, संजय सिंह, दिलीप कुमार मुंडा, बासुदेव राम,शशी भूषण महतो , मोती लाल महतो , मनोज यादव , वीरेंद्र उरांव, अनिल महतो , मनोज महतो ,शिक्षक अमित सपूवार , वार्ड सदस्य पिंकी देवी, ज्योति देवी , पैरो देवी , रामकुमार दुबे, फुलेश्वर महतो , करमलाल महतो बिगल उरांव,महाबीर महतो एवं सैकड़ों महिला एवं पुरूष शामिल हुए।

## अडानी ग्रुप गोड्डा पावर प्लांट से सस्ती दर पर बिजली आपूर्ति करे : CM

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेश अडानी ने मुलाकात की. इस दौरान झारखंड सरकार और अडानी ग्रुप के बीच गोड्डा पावर प्लांट से एमओयू के तहत सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा हुई. मुख्यमंत्री ने उर्जा विभाग के अधिकारियों और अडानी पावर प्लांट के प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित कर इस दिशा में जल्द समाधान निकालने और सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एमओयू के अनुसार 400 मेगावाट बिजली झारखंड को मिलनी है. इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



**सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की योजना बनाएं**

मुख्यमंत्री ने निदेशक राजेश अडानी को कहा कि पावर प्लांट के उपयोग के लिए गंगा नदी का पानी जिस क्षेत्र से होकर लाया जा रहा है, उन क्षेत्रों में कृषकों के खेतों तक पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी पहुंचाए जाने की संभावनाओं पर कार्य योजना बनायी जाए।

### प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करेगें

# बीजेपी ऑफिस में “X” JVM गुट एक्टिव, लॉबिंग शुरू

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। हरमू के कार्निवल बैंक्वेट हॉल में होने वाले कार्यक्रम को लेकर भाजपा जोरशोर से तैयारी कर रही है। उधर पार्टी कार्यालय में लॉबिंग भी शुरू हो गई है। बाबूलाल की नई टीम में जगह पाने के लिए कई नेता और कार्यकर्ता खूब हाथ-पैर मार रहे हैं। बाबूलाल से मिलने और उन्हें बधाई देने के लिए पार्टी दफ्तर में नेताओं-कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ गई है। झाविमो से भाजपा में आये बाबूलाल के पुराने सहयोगी भी एक्टिव हो गये हैं। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रवीण सिंह, राजीव मिश्रा (चुन्नू), सरोज सिंह और प्रभुदयाल बड़ाईक समेत झाविमो में रहे दर्जन भर नेता नजर आए. पार्टी कार्यालय में एक जगह इन नेताओं की बैठक जमी।



**नई कार्यसमिति की घोषणा के बाद सबकुछ हो जाएगा साफ**

2020 में बाबूलाल मरांडी के साथ झाविमो छोड़कर आये कुछ नेताओं को ही भाजपा में पद और प्रतिष्ठा मिली, बाकी नेता और कार्यकर्ता दरकिनार कर दिये गये थे। उन नेताओं में एक बार फिर उम्मीद जगी है कि शायद इस बार बाबूलाल उन्हें पुराने पद और प्रतिष्ठा से नवाजेंगे। लेकिन इन नेताओं की उम्मीद पूरी होगी या नहीं यह भाजपा की नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा होने के बाद ही साफ हो पाएगा।

**पदभार ग्रहण कार्यक्रम के क्या हैं मायने**

बाबूलाल मरांडी 2 जुलाई को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने सांगठनिक कामकाज देखना भी शुरू कर दिया है। बतौर प्रदेश अध्यक्ष वे गुवाहाटी में आयोजित भाजपा की बैठक में शामिल भी हुए। लेकिन विधिवत रूप से वे शनिवार सुबह 10.30 बजे पदभार ग्रहण करेंगे। कड़िया मुंडा और रघुवर दास समेत कई बड़े नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे। गौरतलब है कि इससे पहले दीपक प्रकाश समेत कई प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। लेकिन पदभार ग्रहण करने का कोई बड़ा समारोह आयोजित नहीं हुआ था। भाजपा स्नेह मिलन समारोह के जरिये कार्यकताओं के साथ-साथ जनता को यह संदेश देना चाहती है कि अब झारखंड में भाजपा का प्रमुख चेहरा बाबूलाल मरांडी होंगे।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की राह पर : बाबूलाल

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा से भारत के चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण पर देश के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का तिरंगा चांद पर भी फहराएगा। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष में भी महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। साथ ही कहा कि आज झारखंड की धरती भी गौरवान्वित हुई है। चंद्रयान प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी जिला के तोरपा निवासी युवक सोहन यादव ने राज्य का मान बढ़ाया है। साथ ही लॉन्चिंग यंत्र का निर्माण भी रांची के एचईसी में हुआ।

मरांडी ने सोहन यादव को भी



शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं में योग्यता और लगन की कमी नहीं। उन्हें सिर्फ अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फ्रांस सरकार की ओर से प्रधानमंत्री को मिले सर्वोच्च सम्मान लिजन ऑफ ऑनर पर बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि यह देश के 125 करोड़ देशवासियों का सम्मान है।

BRIEF NEWS

### रेलवे ओवर ब्रिज के समीप अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

RANCHI : धुर्वा थाना क्षेत्र के रिंग रोड सीठिओ के समीप बालसिरिग रेलवे ओवरब्रिज के पास शुक्रवार की सुबह कंबल में लपेटा हुआ एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का स्थानीय लोगों से पहचान करवाने का प्रयास किया किसी के द्वारा भी शव की पहचान नहीं होने पर पंचनामा बनाकर रिम्स के शीत गृह में सुरक्षित रखने के लिए भेज दिया। इस संबंध में धुर्वा थाना में सिठियो टीओपी में पदस्थापित प्रभारी दरोगा अनुषेक कुमार के लिखित आवेदन पर अज्ञात अपराध कर्मियों के विरुद्ध। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस शव के पहचान हेतु प्रयासरत है। साथ ही मामले की जांच कर रही है। दरोगा अनुषेक कुमार ने अपने आवेदन में लिखा है, कि शुक्रवार की सुबह लगभग 6:00 बजे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली की रिंग रोड के किनारे बालसिरिग रेलवे ओवरब्रिज के समीप कंबल में लिपटा शव पड़ा हुआ है। मामले की जानकारी पाकर बरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए मौके पर पहुंचे। कंबल को खुलवा कर जब देखा गया तो लगभग 45 वर्ष का पुरुष का शव मिला। जो देखने में शरीर से मजबूत था एवं रिटायर्ड फौजी की तरह वेशभूषा में था।

### परमिट फेल वाले स्कूल बस संचालकों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू

RANCHI : राजधानी के स्कूल बसों की स्थिति की जांच की जाएगी। इसे इसे लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी ने योजना बनायी है और जिन बसों की स्थिति सही नहीं पायी गई या क्षमता से अधिक बच्चे मिले तो संबंधित स्कूल संचालक व बस संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। अभी निजी गाड़ियों की भी जांच की जा रही है जिससे स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचाया व लाया जा रहा है। डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने बताया कि स्कूल बसों का परमिट फेल नहीं होना चाहिए और जो मापदंड हैं उसमें बसों की स्थिति बेहतर होनी चाहिए। इधर, 15 से अधिक स्कूल व कालेज की बसें बिना रिन्युअल किए ही फराट्टे मार रही है। इन बसों का परमिट फेल हो चुका है। बच्चों को लाने- ले जाने वाली इन बसों को परिवहन नियम के पालन के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है। परिवहन विभाग से परमिट व फिटनेस सर्टिफिकेट लेना जरूरी है। ऐसे वाहन मालिकों को उप परिवहन आयुक्त सह सचिव ने नोटिस जारी किया है। कहा है कि सात दिनों के अंदर परमिट रिन्युअल नहीं कराने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### लाइट हाउस के लाभुकों ने निगम कार्यालय में किया हंगामा

RANCHI : धुर्वा में निमार्णाधीन लाइट हाउस प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक करने वाले लाभुकों ने निगम कार्यालय पहुंच कर हंगामा किया। दरअसल रविवार रात करीब 12:30 लाइट हाउस के एक ब्लॉक में निमार्णाधीन लिफ्ट का हिस्सा गिर गया था। इस दौरान इतनी तेज आवाज हुई कि आसपास के लोग चौंक गए। बगल की बस्ती के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसे स्थानीय पुलिस ने खदेड़ कर हटाया। इसी को लेकर लोगों ने हंगामा किया। लाभुकों में फ्लैट की क्वालिटी को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। बता दें कि हर गरीब का अपना घर हो, ये पीएम मोदी का सपना है। गरीबों को रियायती दर पर आशियाना देने के लिए पीएम मोदी ने झारखंड सहित देश के 06 राज्यों में लाइट हाउस प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# ACCOUNTANT SANJAY KUMAR MURDER CASE

# जेल में बंद राहुल कुजूर ने रची थी हत्या की साजिश, पांच गिरफ्तार

CRIME REPORTER RANCHI : रांची पुलिस ने अकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में संदीप कुमार, आकाश कुमार, विवेक कुमार, साहिल बाड़ा और सुशीला कुजूर शामिल हैं। इनके पास से सात मोबाइल और एक पिस्टल बरामद किया है। संजय कुमार को आकश ने गोली मारी थी और संदीप कुमार बाइक चला रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी अपराधियों को जेल भेज दिया है। पुलिस ने अपराधियों को गुरुवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। इस बात की जानकारी रांची एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर दी। एसएसपी ने बजाया कि अकाउंटेंट संजय कुमार को आकश ने गोली मारी थी और संदीप कुमार बाइक चला रहा था। दोनों शूटरों को हत्या करने के लिए जेल में बंद राहुल कुजूर ने सुपारी दी थी। राहुल ने दोनों शूटरों को कहा था कि उनके पास अपना घर नहीं है। इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद दोनों को घर देगा। घर की लालच में दोनों आरोपियों ने संजय कुमार को मार डाला। दोनों आरोपियों को हत्या के दिन सुपारी के तौर पर 80 हजार रुपये दिया गया था। सुशीला कुजूर ने साहिल बाड़ा की मदद से दोनों आरोपियों को अपने घर बुलाया था और संजय की हत्या करने की योजना तैयार किया था। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि संजय की हत्या करने के बाद संदीप और आकाश रिंग रोड की ओर फरार हुए थे। रातू में दोनों आरोपियों ने पहले नया कपड़ा खरीदा इसके बाद पहने हुए कपड़ा और हेलमेट को जला दिया। रातू में ही बाइक छोड़कर दूसरी गाडी से आरोपी सुखदेव नगर इलाके में पहुंच गए। पुलिस ने सीसीटीवी का फुटेज खंगाला तो दोनों आरोपियों की पहचान हो गई। इसके बाद उन्हें मधुकम इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने इनके पास से हथियार बरामद कर लिया।

- अकाउंटेंट की हत्या करने वाले शूटरों को सुपारी के तौर पर घर देने का किया गया था वादा
- हत्या के दिन शूटरों को दिया गया था 80 हजार रुपये
- हत्या के बाद शूटरों ने जला दिया था कपड़ा और हेलमेट



पेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार अपराधियों की जानकारी देते रांची एसएसपी किशोर कौशल व अन्य • फोटोन न्यूज

**शाहिल बाड़ा सामान पहुंचाने जाता था जेल और लाता था सूचना :** पुलिस का कहना है कि जेल में बंद राहुल और डब्लू कुजूर से मिलने शाहिल बाड़ा जेल जाता था। उन्हें सामान देने के बाद उनकी सूचना को सुशीला तक पहुंचता था। हत्या की योजना बनने के बाद दोनों शूटर भी कई बार राहुल से मिलने जेल गए थे। जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड में पुलिस ने सुशीला को जेल भेजा था। लेकिन जमानत पर निकलने के बाद सुशीला ने संजय कुमार की हत्या करने का मन बना लिया था।

पिछले कई माह से दोनों शूटर का खर्च उठा रहा था राहुल

पुलिस का कहना है कि जेल में बंद राहुल पिछले कई माह से दोनों शूटर का खर्च उठा रहा था। दोनों शूटर को ब्राउन शुगर लेने की आदत है। उन्हें हर वक्त पैसे की जरूरत होती थी। राहुल उन्हें बार बार पैसा देता था। इस वजह से राहुल ने दोनों को अपने चंगुल में ले लिया। कमल भूषण हत्याकांड में सोनू ने सरेंडर करने से पहले पिस्टल दोनों शूटर को दे दिया था। उसी पिस्टल से संजय की हत्या कर दी गई। जिस वक्त संजय की हत्या हुई घटना स्थल के समीप सुशील खुद मौजूद थी। पुलिस का कहना है कि संजय के घर के समीप ही दोनों शूटर रहते थे। इस वजह से दोनों शूटर संजय की लगातार रेकी कर रहे थे। पुलिस ने दोनों शूटरों के मोबाइल का लोकेशन निकाला है तो अकसर उनका लोकेशन संजय के घर के पास का मिला है।

### पैसे के लिए संजय की कर दी गई हत्या

राहुल कुजूर और कमल भूषण के बीच उस समय से दुश्मनी शुरू हो गई थी, जब राहुल ने कमल भूषण की बेटी से शादी कर ली थी। दुश्मनी इतनी बढ़ी थी कि राहुल ने अपने पिता और चाचा के साथ मिलकर पिछले 30 मई 2022 को कमल भूषण की दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। कमल भूषण की हत्या के बाद राहुल कुजूर जेल से ही संजय सिंह पर कमल भूषण के पास बकाया पैसे के भुगतान के लिए दबाव डाल रहा था। राहुल का पिता डब्लू कुजूर पहले कमल भूषण के साथ ही काम किया करता था। राहुल कुजूर का दावा था कि उसके पिता के करोड़ों रुपए कमल भूषण के बेटे पवन के पास है। राहुल यह चाहता था कि संजय सिंह उसके बकाया पैसे को दिलवा दे। इस बाबत कई बार राहुल के द्वारा जेल से ही संजय सिंह को धमकी भी दिलवाई गयी थी। जब राहुल को पैसे नहीं मिले तब उसने संजय सिंह की हत्या सिर्फ इसलिए करवा दी ताकि कमल भूषण के परिवार में दहशत फैले और उसके पैसे उसे मिल जाए।

# ED के गवाह अशोक यादव को रिहा करने का HC ने दिया आदेश

## झारखंड क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत पिछले साल किया गया था नजरबंद




SPECIAL REPORTER RANCHI : ईडी के गवाह प्रकाश चन्द्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव के बाद प्रवर्तन निदेशालय के एक और गवाह अशोक यादव को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अशोक यादव के नजरबंदी को अवैध करार देते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट ने यह आदेश दिया। अशोक यादव को झारखंड क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) के अंतर्गत पिछले साल नजरबंद कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने उसके निवेदन पर विचार करने में 50 दिनों की देरी की जो कि गलत था। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने मुंगेरी यादव को इसी आधार पर रिहा करने का आदेश दिया था। हालांकि कोर्ट ने मुंगेरी यादव की नजरबंदी को सही ठहराया था। अशोक यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट को जल्द सुनवाई करने को कहा था। वरीय अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह और मंजुला प्रिया ने अशोक यादव की ओर से बहस की।

### दाहू यादव के पिता पशुपति यादव की बेल याचिका पर ईडी से जवाब-तलब

RANCHI : साहिबगंज में एक हजार करोड़ की अवैध खनन घोटाले मामले में दाहू यादव के पिता पशुपति यादव की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 24 जुलाई निर्धारित की है। जमानत याचिका में उनकी ओर से कहा गया है कि उन्हें ईडी ने न तो उन्हें नोटिस किया और न ही समन जारी किया था। घर से रात के 11:00 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। वे दाहू यादव के पिता है, इसे देखते हुए ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है। ईडी ने उनके खिलाफ ईसीआईआर 4/ 2022 दर्ज किया है। पशुपति यादव को ईडी ने 20 अप्रैल को साहिबगंज के वार्ड नंबर 2 स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पैरवी की। दरअसल मामले में दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव अब तक फरार चल रहा है। बता दें कि इडी की टीम साहिबगंज में 1000 करोड़ से अधिक अवैध खनन घोटाले मामले में जांच कर रही है।

### हजारीबाग के 38 कैदियों की सजा से छूट मांगने के मामले में मांगा जवाब

RANCHI : हजारीबाग के 38 कैदियों द्वारा सजा से छूट दिए जाने के आग्रह के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का एक और मौका दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि कैदियों को सजा से छूट के मामले में अब तक क्या विचार किया गया है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भी सरकार को जवाब दायर करने को कहा था लेकिन सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं हो सका था। मामले में एमिकस क्यूरी अधिवक्ता एके दास उपस्थित हुए। अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। दरअसल, हजारीबाग के 38 कैदियों ने पत्र लिखकर चीफ जस्टिस से आग्रह किया था कि उन्हें समय पूर्व छोड़ने पर राज्य सरकार रिव्यु करें और रेमिशन बोर्ड की बैठक में उनके मामले को रखा जाए। ताकि उन्हें अच्छे आचरण के लिए समय पूर्व जेल से रिहा किया जाए। बता दें कि हजारीबाग के 38 कैदियों ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर उन्हें अदालत से मिली सजा से पहले छोड़ने का आग्रह किया था।

## ईडी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा-

# बजरा मौजा की जमीन पर दर्ज करें एफआईआर

CRIME REPORTER RANCHI : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए की धारा 66 (2) के तहत झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन पर एफआईआर दर्ज करने को कहा है। ईडी ने बीते 12 जून को बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन, जिसका बाजार मूल्य 32.87 करोड़ रुपये है, उसे अस्थाई तौर पर जब्त किया है।

**जमाबंदी रद्द करने का दिया था आदेश**

रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने अपने कार्यकाल के दौरान हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन की 82 साल पहले से चली आ रही जमाबंदी को रद्द करने का आदेश दिया था। साथ ही अंचल अधिकारी द्वारा तैयार सादा पंचनामा को सही करार देते हुए विनोद सिंह के नाम पर म्यूटेशन करने का आदेश दिया था। इसके बाद विनोद सिंह से जमीन खरीदनेवालों के आवेदन पर 150 पुलिस जवानों को तैनात कर जमीन की घेराबंदी करवा दी गयी थी। इस मामले में तत्कालीन आयुक्त ने सरकार से उपायुक्त सहित जालसाजी में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी। हालांकि सरकार ने किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

**आरोपियों पर ईडी ने दायर की है चार्जशीट**

ईडी ने विशेष अदालत में जिन दस आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है, उनमें बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन दलाल बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी रिम्स का कर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला निवासी इम्तियाज अहमद, बड़गाईं निवासी मोहम्मद सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद, चार मई को गिरफ्तार रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, जगतबंधु टी इस्टेट के निदेशक दिलीप घोष व अमित अग्रवाल शामिल हैं।




### जमील अख्तर ने 20 किसानों के बीच बीज का किया वितरण

**KANKE : कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन मिलेट्रस न्यूट्री सीरियल योजना के तहत बाढ़ु पंचायत के अंतर्गत नया टोली में मड़वा बीज का वितरण किया गया। मौके पर अतिथि के रूप मे पहुंचे युवा कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर के हाथों 20 किसानों के बीच अनुदान में बीज वितरण किया गया। इस दौरान कांके बीटीएम बिंदु जी, वार्ड मेंबर महमूद अंसारी, कलीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।**

### दिनेश गोप की न्यायिक हिरासत 21 तक बढ़ी

RANCHI : टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को शुक्रवार को एनआईए की विशेष न्यायाधीश एमपी बर्मा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने उसकी हिरासत अवधि 21 जुलाई तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओडिशा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अमित के गैरकानूनी डिग्री बेचने के मामले में हुई जांच

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को राजधानी रांची में स्थित आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलससचिव डॉ अमित पांडेय के द्वारा गैरकानूनी तरीके से डिग्री बेचे जाने संबंधित जांच उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा गठित कमिटी ने किया। ज्ञात हो कि आर के डी एफ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ ऐ. के श्रीवास्तव द्वारा विश्वविद्यालय के कुलससचिव अमित पांडेय पर गैर कानूनी तरीके से डिग्री बेचे जाने संबंधित आरोप वर्ष 2020 में लगाया गया था। इससे संबंधित शिकायत पत्र उनके द्वारा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ साधना कपूर तथा विभाग को वर्ष 2020 में ही समर्पित किया गया था। ज्ञात हो कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निजी विश्वविद्यालयों के स्थिति की जांच हेतु पूर्व से उपसमिति 3 गठित है। समिति पूर्व में जांच कर विश्वविद्यालय की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को समर्पित कर चुकी है। जिसके अंतर्गत निजी विश्वविद्यालय को अपनी कमियों को शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया था तथा समिति द्वारा पुनः जांच कर अंतिम प्रतिवेदन विभाग को समर्पित किया जाना है। इसी क्रम में उक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अमित पांडेय द्वारा गैरकानूनी तरीके से डिग्री बेचे जाने संबंधित जांच समिति के सदस्यों द्वारा ही कर के विभाग को प्रतिवेदन समर्पित किया जाना है।उपसमिति 3 के सदस्य में रांची विश्वविद्यालय के अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर तथा तत्कालीन डी.एस. डब्लू डॉ.आर के शर्मा, डॉ गंगानंद सिंह, नैक कोऑर्डिनेटर,बिनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग तथा डॉ पंकज कुमार, रूसा कोऑर्डिनेटर, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची शामिल हैं।

## मंगल टावर के पास फ्लाईओवर पर चढ़ चुके हैं 11 सेग्मेंटल बॉक्स

# आकार लेने लगा कांटाटोली FLYOVER

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी के लोग पिछले 6 साल से कांटाटोली फ्लाईओवर की शक्ल देखने का इंतजार कर रहे हैं। 2018 से 2022 तक फ्लाईओवर का काम कई बार बंद और शुरू होता रहा। इस दौरान लोगों को वहां आधे-अधूरे पिलर से ज्यादा कुछ नहीं दिख रहा था। 6 साल बाद अब जाकर फ्लाईओवर शक्ल लेता दिख रहा है। कोकर शांति आश्रम से बहू बाजार तक बनने वाले इस फ्लाईओवर के सभी 44 पिलर खड़े हो गये हैं। 24 पिलरों की कैपिंग भी कंप्लीट हो चुकी है। खादगढ़ा से बहू बाजार के बीच बचे हुए 20 पीलरों की कैपिंग का काम तेजी से चल रहा है। मंगल टावर से कांटाटोली चौक तक पिलरों उपर लॉचिंग गडर से प्री-कास्ट सेग्मेंटल बॉक्स रखने का काम भी शुरू हो चुका है। यही सेग्मेंटल बॉक्स फ्लाईओवर की सड़क की शक्ल लेते जाएंगे। अबतक 11 सेग्मेंटल बॉक्स अबतक रखे जा चुके हैं। मंगल टावर से कांटोटाली चौक के बीच बचे हुए 6 पिलरों के बीच सेग्मेंटल बॉक्स रखने की तैयारी चल रही है।



**2024 में तैयार हो जाएगा फ्लाईओवर**

सेग्मेंटल बॉक्स लगने के बाद जल्द ही कांटाटोली चौक से शांति आश्रम तक फ्लाईओवर आकार ले लेगा। 2.24 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर में 44 पिलरों के बीच कुल 486 सेग्मेंटल बॉक्स रखे जाएंगे। 30-30 मीटर की दूरी पर बने पिलरों के बीच 11-11 सेग्मेंटल बॉक्स रखने के बाद इन्हें केबल के जरिये जोड़ा जाएगा। उसके बाद रेलिंग, डिवाइडर, लाइट समेत अन्य काम कंप्लीट किए जाएंगे। कांटाटोली फ्लाईओवर का काम कर रही कंपनी दिनेश अग्रवाल एंड संस को मार्च 2024 तक फ्लाईओवर को कंप्लीट करने का डेडलाइन दिया गया है। कंपनी ने जनवरी तक ही इसे कंप्लीट करने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है।

## रंगदारी मांगने के मामले में PLFI का पूर्व AREA कमांडर गिरफ्तर

CRIME REPORTER RANCHI : कांके थाना की पुलिस ने शुक्रवार को पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में पीएलएफआइ के पूर्व एरिया कमांडर अजीम हवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने कांके में रहने वाले नसीम अहमद से रंगदारी के रूप में पैसे की मांग की गई थी। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि 12 जुलाई को नसीम अहमद के मोबाइल पर फोन कर आरोपी ने रंगदारी की मांग की थी। आरोपी ने कहा था कि जल्द से जल्द पैसा नहीं मिलेगा तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। नसीम के बयान पर कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई। पुलिस ने जिस नंबर से रंगदारी की मांग की गई थी उसका लोकेशन निकाला तो वह खूंटी का निकला। पुलिस की टीम खूंटी पहुंची और आरोपित को पकड़कर रांची ले आई। पुलिस ने आरोपी के पास से वह मोबाइल बरामद किया है जिससे रंगदारी की मांग की गई थी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपित पहले पीएलएफआइ के लिए काम करता था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से वह अपना गिरोह चलाने लगा था। पुलिस का कहना है कि आरोपित अजीम हवारी के खिलाफ राजधानी के अलग अलग थानों में नौ मामले दर्ज हैं।

BRIEF NEWS

### वीमेंस विवि के अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षिका डॉ रेखा झा का निधन

**JAMSHEDPUR :** वीमेंस यूनिवर्सिटी की अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षिका डॉ. रेखा झा का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर कुलपति, रजिस्ट्रार, सभी पदाधिकारी, शिक्षागण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उनके आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यूनिवर्सिटी के शोक सभा में भी सभी उपस्थित हुए और उनके योगदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी विदाई दी। डॉ झा ने 1997 से तत्कालीन जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज में योगदान देने के बाद 26 वर्षों से सेवारत अर्थशास्त्र की जानी मानी शिक्षिका थीं। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह उन्हें दिल का दौरा पड़ा इसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए टीएमएच ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### भायली महिला मण्डल का सावन सिंधारा महोत्सव 8 अगस्त को

**JAMSHEDPUR :** शहर की सामाजिक एंव धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल सोनारी द्वारा श्री राणी सती दादी जी का सावन सिंधारा महोत्सव आगामी 8 अगस्त मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष कविता अग्रवाल और सचिव मंजु अग्रवाल ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर आगे बताया कि संस्था द्वारा इस साल आठवां महोत्सव मनाया जायेगा। जिसमे हर वर्ष की तरह इस चर्ष भी श्री राणीसती दादीजी का महा मंगल-पाठ का आयोजन होगा। शहर के प्रसिद्ध पाठ वाचक महाबीर अग्रवाल मंगल पाठ का वाचन करेंगें। महोत्सव को सफल बनाने की तैयारी में कविता अग्रवाल, राधा अग्रवाल, श्वाती अग्रवाल, लक्ष्मी झुमकी अग्रवाल समेत सभी सदस्य लग गये हैं।

### बन्ना गुप्ता ने की सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नियुक्ति की मांग

**JAMSHEDPUR :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में हिस्सा लेने उत्तराखंड पहुंचे है। इस अवसर पर देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हिस्सा ले रहे है। शिविर में मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं को मजबूती से रखा। स्वास्थ्य चिंतन शिविर के पहले दिन मंत्री बन्ना गुप्ता ने राज्य के सरकारी स्कूलों में योग शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सरकारी स्कूलों में योग चिकित्सक की नियुक्ति हो जाए तो हम आम जीवन में मेडिकल पर खर्च होने वाले अनुमानित 30% खर्च को रोक सकते है। उन्होंने कहा कि योग से शरीर निरोग रहेगा। साथ ही मन और सेहत भी स्वस्थ्य रहता है, जिससे बीमारी नहीं होती। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से वर्तमान में योग शिक्षक को मिलने वाले वेतन को बढ़ाने का आग्रह किया।

### जिले में लगातार मिल रहे डेंगू मरीजों से स्वास्थ्य विभाग चिंतित

**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम में डेंगू की मरीजों की संख्या लगातार बढा रही है। जिससे स्वस्थ्य विभाग टेंशन में आ गई है। शुक्रवार को एमजीएम कॉलेज के लैब में मरीजों की जाँच हुई थी। जिसमें एक ढाई साल का बच्चा समेत कुल 6 मरीज डेंगू पॉजिटिव है। इधर जिला सर्विलांस विभाग ने भी शुक्रवार को पांच और संदिग्ध मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। इन मरीजों का इलाज शहर के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।अभी तक पूर्वी सिंहभूम जिले में इस साल 30 डेंगू मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने बताया कि डेंगू मरीजों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। इसके प्रति लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।

**राजस्थान भवन में धूमधाम से मना शाकंभरी माता का नौवां झूलन उत्सव**

# माता के जयकारे से गूंजा भवन, माहौल हुआ भक्तिमय

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में श्री शाकंभरी माता का नौवां झूलन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दोपहर तीन बजे से शाकंभरी माता की पूजा अर्चना शुरू हुई।

उमीर्ला-ओम प्रकाश मूनका, नीतु- संदीप हरनाथका, श्यामा-शैलेश कांवटिया, पूजा-आनंद हरनाथका ने संयुक्त रूप से पूजा की और बसंत पंडित ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा।

श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में शहर के भजन गायक मनोज शर्मा मोनू ने मंगल पाठ के दौरान भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को खुब झुमाया। मौके पर माता का झूला, दरबार, भजन,



मैया मेरा नाम लिख ले... भजन पर झूमती महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

ज्योत, छप्पन भोग, प्रसाद आकर्षण का केन्द्र बना रहा। श्री गणेश वंदना के साथ मंगल पाठ और भजनों का कार्यक्रम संध्या 4 बजे से शुरू हुआ, जो रात 09 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।

इस उत्सव में सभी महिलाएं चुदड़ी ओढ़े व राजस्थानी परिधान में सजधजकर शामिल हुई थी। इस शुभ अवसर पर माता के जयकारे से गूंजता राजस्थान भवन का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। भजन गायक मोनू ने शाकम्भरी परिवार है ये शाकम्भरी परिवार है..., आ जा मॉ शाकंभरी नाव पड़ी मझधार..., लाया थारी चुदड़ी कर लो मॉ स्वीकार...., सेवाकिया में मैया मेरा नाम लिख ले...., सकरायवाली का उत्सव आया है..., किरणों के रथ पर चढ़ कर मैया आई है..., पर्वत शिखर पर हैं सकराय धाम..., दिल की बात मइया जी ने...., वो कौन हैं जो मुझको दी पहचान.... आदि भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर भक्तों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। दो बेटियां हुई सम्मानितः- इस अवसर पर शाकंभरी माता परिवार की दो बेटियां क्रमशः 2023 में सीए फाइनल में सिटी टॉपर बनी स्वास्तिका चेतानी और कार्मेल जूनियर कॉलेज कक्षा 10 की छात्रा तन्वी हरनाथका को 97.6 प्रतिशत नंबर मिलने की खुशी में चांदी का सिक्का और फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में शाकंभरी माता परिवार के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा ने अपने सदस्यों के लिए लांच किया युवा प्रिविलेज कार्ड

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील शाखा ने अपने सदस्यों के लिए लिए युवा प्रिविलेज कार्ड का रि लॉन्च किया गया। 2018 में पहली बार इस कार्ड को लांच किया गया था। परंतु कोविड-19 के कारण तकनीकी कारणों से कार्ड का इस्तेमाल कुछ सालों के लिए उपयोग में नहीं था। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यता विस्तार अभियान को मद्देनजर रखते हुए यह कार्ड को लॉन्च किया गया है जिसे सदस्यों को मुफ्त में दिया जाएगा। इस कार्ड का कोई भी शुल्क ना कि वेंडर से लिया गया न ही सदस्यों से लिया गया है। अध्यक्ष मोहित मुनका ने बताया ह्लयुवा प्रिविलेज कार्डह्व के माध्यम से स्टील सिटी शाखा के सदस्यों को विभिन्न स्थानों पर होटल, रेस्टोरेंट, सलून, स्पा, कपड़ों के शोरूम, हेल्थ, डेंटल केयर,ऑटोमोबाइल इत्यादि में विशेष छूट मिलेगी।





युवा प्रिविलेज कार्ड लांच करते संस्था के पदाधिकारी। ● फोटोन न्यूज

### क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगी सारी जानकारी

सचिव सौरव संथालिया ने बताया ह्लइन टाई-अपह्व के विवरण तक पहुंचने के लिए,कार्ड पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर टाइअप आउटलेट्स एवं डिस्काउंट की जानकारी मिल जाएगी। संयोजक राहुल चौधरी ने बताया शहर के लगभग सारे बड़े होटल रेस्टोरेंट से यह कार्ड का टाई अप हो चुका है। सात ही नए आउटलेट से टाई अप का प्रयास जारी है।

मौके पर संस्था के सचिव सौरभ सोंथालिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, संयोजक राहुल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मनीष बंसल, पंकज संघी, नितेश धूत,विष्णु गोयल, सार्थक अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, आनंद मोहनका, अंकित मुनका, रोहित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, दीपक पटवारी, रमेश अग्रवाल, पंकज मुनका, आलोक,प वन, सीए अंकित, अंकुर मोदी, डॉ मुकेश पटवारी, अंशुल, पीयूष आदि सदस्य मौजूद थे।

# रिकॉर्ड बनाने की ओर जिला पुलिस गुम हुए हजार से ज्यादा मोबाइल लौटाए

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड की जमशेदपुर पुलिस एक रिकॉर्ड स्थापित करने की ओर कदम बढ़ा रही है। जमशेदपुर पुलिस ने अब तक कुल एक हजार से ज्यादा मोबाइल जो गुम हो गए थे या फिर गलती से खो गए थे, ऐसे मोबाइल को उनके मालिकों को लौटाया है। शुक्रवार को बिष्टुपुर थाना परिसर के मल्टीपरपस हॉल में ऐसे ही एक गुम हुए मोबाइल के वितरण के लिए एक कैंप लगाया गया। इस कैंप में कुल 187 मोबाइल को उनके धारकों को लौटाया गया। इस वितरण समारोह में एसएसपी प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत, डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता समेत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

इस कैंप में कुल 187 मोबाइल को उनके धारकों को लौटाया गया। इनमें 163 मोबाइल शहरी क्षेत्र और 24 मोबाइल ग्रामीण क्षेत्रों के है। वितरण समारोह में अपने खोए हुए मोबाइल को पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। कई लोगों का कहना था कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनके मोबाइल उन्हें वापस मिल पायेगा।

एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि क्राइम मीटिंग के दौरान उन्होंने पाया कि गुम हुए मोबाइल की संख्या तीन हजार से भी ज्यादा है। इनके लिए पुलिस कोई भी एक्शन नहीं ले रही है। यहीं से इन मोबाइलों को ढूंढ निकालने का आदेश दिया गया। अब तक 1147 मोबाइल का वितरण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर पुलिस को शहर के बाहर और राज्य के बाहर से भी मोबाइल गुम होने की शिकायत आती है।

आपको अपने मोबाइल पर पुलिस द्वारा जारी मोबाइल नंबर 9006123444 को सेव कर लेना है। नंबर सेव करने के बाद इसी नंबर पर ल्कक् ल्एछछड, खडल्अफ् या ल्एछढ जैसा कोई भी शब्द टाइप कर भेजें। शब्द टाइप करते ही आपके मोबाइल पर एक गुगल फॉर्म का लिंक आएगा, लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल पर एक फॉर्म खुलेगा जिसमें दिए गए जानकारियों को भरना होगा। इस फॉर्म में आपके स्थानीय थाने का नाम, आपका नाम, पता, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारियों के अलावा एक आईडी कार्ड और मोबाइल का बिल या मोबाइल के डब्बे का फोटा अपलोड करना होगा। जानकारी अपलोड करते ही यह सारी सूचना पुलिस के पास चली जाएगी। इसके बाद पुलिस आपके मोबाइल को ढूंढने में लग जाएगी। मोबाइल मिलते ही आपके रजिस्टर्ड ईमेल पर मेल पर जानकारी भेज दी जायेगी।

**बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की नि:शुल्क कांवर यात्रा की तैयारी पूरी**

# ढोल नगाड़े और बोल बम के नारों के साथ 1000 शिवभक्त जाएंगे सुल्तानगंज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बाबा बैधनाथ सेवा संघ की ओर से आयोजित निशुल्क कावंर यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई। इसकी जानकारी बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने डिमना स्थित महेंद्र मैरिज हॉल में आयोजित एक बैठक में दी। हॉल में काफी संख्या में पंजीयन कराए महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

बैठक के बाद सभी को परिचय पत्र एवं बस का सीट आर्वंटित किया गया विकास सिंह ने कहा कदमा, सोनारी, एवं मानगों से कुल 1000 शिवभक्त बस, छोटी गाड़ी और ट्रेन के माध्यम से 16 जुलाई रविवार के दिन मानगो डिमना रोड के हीरा होटल के समीप दुर्गा पूजा मैदान से दोपहर 1:00



बैठक में यात्रा की जानकारी देते सेवा संघ के संस्थापक। ● फोटोन न्यूज

बजे सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा में शामिल होने के लिए कुल 656 महिलाएं एवं 344 पुरुषों ने अपना पंजीयन कराया है। जत्था में कोई बिछड़ ना जाए इसलिए सभी कांवरियों के बीच पीली टोपी एवं गंजी का वितरण किया जाएगा ।सभी के पास व्यवस्थापक का मोबाइल नंबर युक्त पहचान पत्र होगा उसी पहचान पत्र से बस धर्मशाला में प्रवेश मिलेगा।

विकास सिंह ने बताया रास्ते में पडने वाले सारे धर्मशाला आरक्षित किए गए हैं। रविवार को दोपहर 1:00 बजे सभी शिवभक्त जमशेदपुर से सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्रि का भोजन आसनसोल के धर्मशाला में होगा।

पहला पड़ाव रात्रि के समय असरगंज के शिकारी धर्मशाला में होगा, दूसरा पड़ाव कुमारसार जी के मठ में दोपहर का भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था रहेगी। छठा एवं अंतिम पड़ाव इनारावरण के भूतनाथ धर्मशाला में होगा। इसके बाद सभी कांवरिया बाबा नगरी जल अर्पण के लिए प्रस्थान करेंगे जल अर्पण करने के बाद देवघर स्थित मारवाड़ी कांवरिया संघ में विश्राम करने की व्यवस्था की गई है। दूसरे दिन सुबह बस के माध्यम से सभी शिवभक्त बाबा बासुकीनाथ पहुंचकर जल अर्पण करेंगे जल अर्पण के बाद जमशेदपुर के लिए वापस लौटने का कार्यक्रम रखा गया है।

# एमजीएम अस्पताल : आईसीयू भवन की छत का प्लास्टर टूट कर गिरा, कोई हताहत नहीं

**नया भवन बनने के बाद आईसीयू को किया जायेगा शिफ्ट**

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** एमजीएम अस्पताल में शुक्रवार को इमरजेंसी के ऊपरी तल पर स्थित आईसीयू की छत का प्लास्टर गीर गया।गनीमत रहा कि उस समय वहाँ कोई नहीं था, नहीं तो अस्पताल वार्ड में अप्रिय घटना घट सकती थी। प्लास्टर

दो जगह से टूटकर मरीज के बेड के पास ही गिरा था। हालांकि इससे किसी मरीज को नुकसान नहीं हुआ क्योंकि जहां प्लास्टर गिर उस समय वहां कोई मरीज या उनके परिजन मौजूद नहीं था।अस्पताल वार्ड में प्लास्टर गिरने की सूचना पर तुरंत अस्पताल प्रबंधन हरकत में आ गया।प्रबंधन ने उक्त स्थान से बेड को हटवा दिया।

ज्ञात हो कि एमजीएम



आईसीयू भवन के छत का टूटा प्लास्टर। ● फोटोन न्यूज

अस्पताल के पुराने भवन के छत व दिवाल जर्जर हो चुके है। ऐसे में छत से प्लास्टर का गिरना कोई नई बात नहीं है।

ब्लड बैंक, सर्जरी, गायनिक समेत सभी वार्डों में इस तरह की घटना समय समय घटता रहता है। हालांकि इन समस्याओं को देखते हुए अस्पताल के पुराने भवनों को तोड़कर नये भवनों के बनाने का काम शुरू भी हो गया है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. नकुल चौधरी ने कहा कि अस्पताल के नए भवनों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।उन्होंने बताया कि नए भवन के बन जाने के बाद आईसीयू को नए भवन में बदल दिया जायेगा।

### स्कॉट कूपर बने जेएफसी टीम के नए हेड कोच

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर एफसी ने 2023-24 सीजन से पहले आयरिश-इंग्लिश मैनेजर स्कॉट कूपर को क्लब का नया हेड कोच नियुक्त किया है। स्कॉट को बड़ी सफलता साउथ ईस्ट एशिया में मिली है। 52 वर्षीय स्कॉट कूपर ने थाईलैंड के बुरिराम यूनाइटेड, मुआंगथोंग यूनाइटेड, उबोन यूएमटी यूनाइटेड, पुलिस टेरो और हाल ही में पोर्ट एफसी जैसे क्लबों के साथ काम किया है। कूपर ने थाई क्लब बुरिराम यूनाइटेड पर बड़ा प्रभाव डाला, जिससे क्लब एएफसी चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल और एशिया रैंकिंग में 7 नंबर तक पहुंची। 15 वर्षों तक कोई भी थाई टीम प्रतियोगिता के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई थी। कूपर के कार्यकाल में लगभग 19 खिलाड़ी थाईलैंड की सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए खेले, जो युवा खिलाड़ियों को तैयार करने और बेहतर बनाने की उनकी बेहतर क्षमता को दशार्ता है।

# प्रथम चरण की काउंसलिंग के लिए अंतिम तिथि समाप्त, 15 व 16 को छात्र कर सकेंगे संशोधन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्य के बीएड कॉलेज में नामांकन को लेकर प्रथम राउंड की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और च्वाइस देने की अंतिम तिथि शुक्रवार को समाप्त हो गयी। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) द्वारा तय कार्यक्रम के तहत इसमें किसी भी प्रकार के संशोधन 15 और 16 जुलाई निर्धारित है। जारी अधिसूचना के तहत 20 से 27 जुलाई तक अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र निर्गत किया जायेगा, जबकि 21 से 27 जुलाई तक अनुशंसित अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन होगा और संबंधित संस्थानों में नामांकन लिया जायेगा। इस संबंध में जेसीइसीइबी ने विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिया है। बता दें कि राज्य में स्थिति सरकारी, गैर सरकारी बीएड कॉलेजों में इस प्रक्रिया के तहत नामांकन लिया जाएगा।

### प्रवेश परीक्षा में 13600 सीटों के लिए कुल 38776 हुए क्वालिफाई

मालूम हो कि राज्य के 136 बीएड कॉलेजों के 13600 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 13 मई को हुआ था। जिसका परिणाम 6 जून को जारी हुआ था। इसमें से 38776 अभ्यर्थियों ने क्वालीफाई किया है। जिनका दाखिला परीक्षा परिणाम में मिले अंको के आधार पर मेधा सूची के अनुसार होगी। इस प्रक्रिया के तहत ही कोल्हान के करीब 16 बीएड कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। काउंसलिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए https://jce-ceb.jharkhand.gov.in/ पर विजिट कर सकते हैं।

### बीएड ऑनलाइन काउंसलिंग शुल्क

काउंसलिंग शुल्क की बात करें तो सामान्य, ईडब्ल्यूएस, बीसी-क् बीसी- क्क श्रेणी के उम्मीदवारों को ?400 रुपए जबकि अनुसूचित जाति व जनजाति श्रेणी के उम्मीदवारों को ?250 रुपए ऑनलाइन जमा करना होगा। विद्यार्थी शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग के जरिए कर सकते हैं। एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं लिया जाएगा।

**विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित करने को लेकर JAMSHEDPUR WOMENS UNIVERSITY में बैठक आयोजित**

# खुद को उत्कृष्ट बनाने के लिए विश्वविद्यालयों को विजन, स्ट्रेटजी, रिसर्च व इनोवेशन जैसे 9 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर करना होगा काम : डॉ संजीव

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के ओएसडी (शिक्षा) डॉ. संजीव राय ने झारखंड के विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित करने को लेकर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को बैठक की।

इस दौरान डॉ. राय ने विश्वविद्यालयों को उत्कृष्ट बनाने के लिए नौ विभिन्न आयामों को सामने रखा। सबसे पहले विजन और स्ट्रेटजी के अंतर्गत उन्होंने 2023 से 2035 तक के दूरगामी लक्ष्यों और उन्हें पूरा करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। लर्निंग रिसोर्स प्रोवाइडर के बारे में उन्होंने यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी के ऑटोमेशन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एडमिशन लेनेवाली छात्राओं के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन शुरूआत में ही हो जिससे कि वो लाइब्रेरी का प्रभावी उपयोग कर सकें।

वेबसाइट के बारे में उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी अगर एक विंडो है तो वेबसाइट एक ड्रॉइंग रूम है, जिसे हमेशा अपडेट करना आवश्यक है। वेबसाइट गतिशील और आकर्षक होना ही चाहिए। उन्होंने भरोसा दिया कि संस्थान को हर कदम पर राजभवन की ओर से पूर्ण रूप से सहयोग किया जाएगा। साथ ही निश्चित रूप से सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा।

इस बैठक में रजिस्ट्रार, प्रॉक्टर, डीएसडब्ल्यू, कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन, सभी संकायों



राज्यपाल के ओएसडी, डॉ. संजीव राय का स्वागत करती कुलपति। ● फोटोन न्यूज

के डीन, डायरेक्टर, आईक्यूएसी, कोऑर्डिनेटर, स्पोर्ट्स एंड कल्चर कमिटी, एफओ, सीवीसी एवं डीओ उपस्थित थे।

**रिसर्च व इनोवेशन बेहद जरूरी :** डॉ. संजीव राय ने विश्वविद्यालयों में रिसर्च व इनोवेशन पर जोर देते हुए कहा कि यह बेहद जरूरी है। इसके लिए फैकल्टी और छात्राओं को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके जरिए ही छात्राओं में छिपी प्रतिभा का बाहर लाया जा सकता है। उन्होंने गवर्नेंस, लीडरशिप एंड मेंजमेंट पर बताया कि सूक्ष्म स्तर पर विश्लेषण करते हुए बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करना प्रभावी नेतृत्व और प्रबंधन के कारण संभव हो सकता है। उन्होंने टीचिंग, लर्निंग एंड इवेल्यूएशन के लिए कक्षागत व्यवहारों, शिक्षण रणनीतियों, अधिगम वातावरण आदि में संरचनात्मक परिवर्तन पर जोर दिया। इसी क्रम में अगले बिंदु पर चर्चा करते हुए उन्होंने टीचिंग लर्निंग एंड स्टूडेंट सपोर्ट को अधिगम प्रतिफल से जोड़ा और बताया कि शिक्षा शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के आपसी समन्वय का प्रतिफल है। इसलिए स्टूडेंट सपोर्ट शिक्षण की सफलता के लिए आवश्यक है। डॉ संजीव राय ने कहा कि झारखंड की क्षेत्रीय विशेषता को किसी भी कार्य एवं आयाम में मुख्य आधार मानकर योजना बनानी होगी। क्षेत्रीय संस्कृति, सामाजिक भावना और क्षेत्र की अपनी विशेषता हमेशा प्रतिबिंबित होनी चाहिए।

**समय समय पर खेल की गतिविधियां आयोजित करें विवि :** उन्होंने स्पोर्ट्स एंड करिकुलर एरिया को विस्तार देते हुए स्पोर्ट्स को अध्ययन के साथ महत्वपूर्ण अंग मानकर आगे बढ़ने की बात कही। साथ ही समय समय पर खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं को विवि स्तर पर आयोजित करने पर भी बल दिया। वहीं थिएटर एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स में उन्होंने एनएसडी एवं एफटीआईआई के साथ मिलकर कार्यशाला आयोजित करने एवं छात्राओं की संरचनात्मकता को उचित तरीके से प्लेटफार्म प्रदान करने को कहा। सभी आयामों में उत्कृष्टता के लिए कार्य करने के लिए उन्होंने दो सूत्र भी प्रदान किए पहला कम्युनिकेशन अर्थात संप्रेषण एवं कोलैबोरेशन अर्थात सहयोग। उन्होंने कहा कि प्रभावी संप्रेषण किसी भी कार्य की आधारशिला है तथा किसी भी कार्य के लिए क्षेत्र प्रतिनिधि के साथ उत्कृष्ट संस्थान के रूप में स्थापित प्रतिनिधि संस्थानों के साथ सहोयोग आवश्यक है।

## बाढ़ से सबक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक बड़े इलाके में जलभराव या बाढ़ के हालात दुखद ही नहीं, बल्कि चिंताजनक भी हैं। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अभी दिल्ली में पानी का जैसा मंजर है, वैसा 1978 के बाद नजर नहीं आया था। दिल्ली में यमुना का जल-स्तर बुधवार देर रात केंद्रीय जल आयोग के अनुमान 207.99 मीटर से अधिक होकर 208.08 मीटर के निशान को पार कर गया, जिससे अधिकारी अत्यधिक सतर्क हो गए। एहतियात के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी के निचले इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है और जिन इलाकों की ओर पानी बढ़ने की आशंका है, वहां से भी लोगों को हटाने की कवायद चल रही है। मंगलवार को लगा था कि यमुना में जल-स्तर घट जाएगा, पर बुधवार को यह बढ़ने लगा, इससे उचित ही चिंता की लहर दौड़ गई। पंजाब और हरियाणा के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी राहत कार्य की जरूरत पड़ गई है। सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्कूलों व अन्य संस्थानों को बंद करना पड़ा है। कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा गया है। दिल्ली में निचले इलाकों में बसे लोगों ने कभी इतना पानी नहीं देखा था और इसीलिए वे अपना घर छोड़ने को तैयार नहीं थे, मगर अनेक इलाकों में काफी समझाने-बुझाने के बाद लोग सुरक्षित स्थान तक पहुंचे हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि लोगों को प्रशासन के निदेर्शों के अनुरूप ही चलना चाहिए और किसी भी तरह का खतरा नहीं उठाना चाहिए। इतने पानी के बावजूद अगर दिल्ली अपने जान-माल की सुरक्षा कर पाती है, तो यह एक बड़ी कामयाबी होगी। प्रशासन को लगता है कि जल-स्तर आने वाले समय में बढ़ सकता है, ऐसे में, लोगों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। यह अफसोस की ही बात है कि ऐसे समय में भी अनेक नेता राजनीति का मौका हाथ से जाने नहीं दे रहे। क्या जलभराव या ऐसी बाढ़ के लिए किसी एक राजनीतिक दल को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? अभी तो इस प्रश्न पर विचार का अवकाश भी नहीं है। अभी तो शासन-प्रशासन और जन-प्रतिनिधियों का पूरा ध्यान बचाव कार्यों पर होना चाहिए। लोगों को भी राजनीति पर ध्यान देने से बचना चाहिए। मौसम विभाग और सरकार के अनुमानों पर निगाह रखनी चाहिए। भारी बारिश का असर केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है, देश के एक बडे.इलाके में यातायात पर असर पड़ा है। रेल यातायात भी इससे प्रभावित हुआ है। गौर करने की बात है कि 7 जुलाई से 15 जुलाई के बीच 300 से अधिक मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें और 406 पैसेंजर ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। कुल मिलाकर, देश भर में लगभग 1,100 रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। दरअसल, उत्तर व पश्चिमी भारत के एक बड़े इलाके में शनिवार से ही बारिश-पानी का क्रम बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भारी से भी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है।

## दोस्ती और मजबूत होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर फ्रांस में हैं। आज बैस्टील डे परेड प्रोग्राम में वह गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर शामिल होंगे। यह यात्रा इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों का यह 25वां साल है। द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में यह बात याद की जा सकती है कि फ्रांस ने भारत को उस समय समर्थन दिया था, जब उसे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर प्रतिबंध लगाए जाने का फ्रांस ने विरोध किया था। इस पॉजिटिव पॉइंट से दोनों देशों के रक्षा संबंध आगे ही बढ़ते गए। फ्रांस भारतीय सेना को आधुनिक लड़ाकू जेट और पनडुब्बियों जैसे महत्वपूर्ण साजो-सामान की आपूर्ति करता रहा। 2018 से 2022 के बीच फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा डिफेंस सप्लायर बन गया। आज की तारीख में देश के कुल रक्षा आयात का 29 फीसदी फ्रांस से ही होता है। पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा इस मायने में अहम मानी जा रही है कि इसमें 26 राफेल मरीन फाइटर जेट्स और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद का समझौता हो सकता है। अगर यह हो जाता है तो भारत को सैन्य हथियारों के मामले में उस अनिश्चितता से उबरने में आसानी होगी, जो यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी डिफेंस सप्लाई में आई बाधाओं के चलते पैदा हुई है। इसके अलावा भारत और फ्रांस के रिश्तों का एक और अहम पहलू यह है कि भू-राजनीति के हाल के दिनों में बदलते समीकरण भी इन दोनों देशों को करीब ला रहे हैं। कई वजहों से ट्रांस अटलांटिक अलायंस सिस्टम में फ्रांस कुछ अलग-थलग पड़ा दिख रहा है। उदाहरण के लिए, 2021 में बने ऑकस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका) का जिक्र किया जा सकता है, जिससे फ्रांस को बाहर रखा गया। फ्रांस इसका जवाब भारत जैसे देशों से अपनी करीबी बढ़ाने की कोशिशों के रूप में दे रहा है। यह स्थिति भारत के अनुकूल है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके साथ तालमेल बढ़ाना चाहता है। बढ़ाए भी क्यों ना। आखिर दोनों देश इस क्षेत्र में वर्चस्वादी चीन के खिलाफ हैं। लेकिन फिर भी दोनों देशों के रिश्तों का सबसे अहम पक्ष व्यापारिक गतिविधियों का ही है। इसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा संभावनाएं भी हैं। हालांकि इस क्षेत्र में भी प्रगति हुई है लेकिन इसके बावजूद 2022-23 में दोनों देशों के बीच का व्यापार महज 12.56 अरब डॉलर का रहा।

# सावन यानी शिव को रिझाने का समय

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

> संसार के प्राणियों में नई उमंग व नव जीवन का प्रसार होने लगता है। प्रकृति की अनुपम छठा को देखकर भगवान शिव आनंदित व आत्मविभोर हो जाते हैं। श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास के प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जब भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं तो संसार में ऐसा कुछ भी नहीं, जो वह अपने भक्तों को न दे पाएं। भगवान शिव को रिझाने में भक्तजन अपनी मनोकामना के लिए नाना प्रकार के यत्न करते हैं। सावन का महीना शुरू होने के साथ ही बोल बम के जयकार भी चारों तरफ सुनाई देने लगे हैं। इसके साथ ही श्रावण शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पवित्र गंगाजल लाने के लिए कावड़ियों का तीर्थ स्थलों पर जाने का सिलसिला जारी है। पूरे सावन को भगवान शिव का महीना ही माना जाता है। इस बार तो अधिक मास के कारण श्रावण पूरे दो महीने तक चलेगा। शिवपुराण की कथा के अनुसार, श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के तीन मार्ग हैं – पहला जलाभिषेक, दूसरा बेल पत्र, पुष्प चंदन, कमलपुष्प व पंचामृत से पूजा अर्चना और तीसरा जप–तप के द्वारा।

सावन का पहला सोमवार बीती 10 जुलाई को पूरी आस्था के साथ मनाया गया। देशभर के शिवालयों में सुबह चार बजे से बारह बजे रात्रि तक तमाम भक्त आते रहे। सूरज की पहली किरण फूटने से पहले ही भक्तों का तांता मंदिरों में लग गया था। शिव का जीवन ही इस बात का प्रतीक है कि प्रकृति से तालमेल स्थापित कर ही जीवन में सुख-शांति, सरलता, सादगी, शौर्य, योग, अध्यात्म सहित कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। आषाढ़ मास से ही वर्षा ऋतु की शुरूआत होती है। श्रावण मास आते-आते चारों तरफ हरियाली छा जाती है। यह सभी के मन को लुभाने वाली होती है। श्रावण मास में प्रकृति का अनुपम सौंदर्य देखते ही बनता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चारों तरफ बसंत ऋतु ही छाई हुई है। संसार के प्राणियों में नई उमंग व नव जीवन का प्रसार होने लगता है। प्रकृति की अनुपम छठा को देखकर भगवान शिव आनंदित व आत्मविभोर हो जाते हैं। श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास के प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जब भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं तो संसार में ऐसा कुछ भी नहीं, जो वह अपने भक्तों को न दे पाएं। भगवान शिव को रिझाने में भक्तजन अपनी मनोकामना के लिए नाना प्रकार के यत्न करते हैं। सावन का महीना शुरू होने के साथ ही बोल बम के जयकार भी चारों तरफ सुनाई देने लगे हैं। इसके साथ ही श्रावण शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पवित्र गंगाजल लाने के लिए कावड़ियों का तीर्थ स्थलों पर जाने का सिलसिला जारी है। पूरे सावन को भगवान शिव का महीना ही माना जाता है। इस बार



तो अधिक मास के कारण श्रावण पूरे दो महीने तक चलेगा। शिवपुराण की कथा के अनुसार, श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के तीन मार्ग हैं - पहला जलाभिषेक, दूसरा बेल पत्र, पुष्प चंदन, कमलपुष्प व पंचामृत से पूजा अर्चना और तीसरा जप-तप के द्वारा। इनमें से किसी भी एक मार्ग का अनुसरण किया जा सकता है। वस्तुतः भिन्न-भिन्न कामनाओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को चढ़ाने का भी प्रावधान है। शिव महापुराण, स्कंध पुराण, विष्णु पुराण व नारद पुराण भी इसी तरफ संकेत करते हैं। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर कैलाश पर्वत को दुल्हन की तरह सजाया था। कैलाश पहुंचने पर श्रावण मास शुरू हो गया। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर पूरे श्रावण मास को उत्सव के रूप में मनाया। शिव का सावन प्रकृति के साथ साहचर्य का संदेश है। शिव अगर नीलकंठ हैं और दुनिया के लिए अकेले जहर को अपने गले में धारण कर सकते हैं, तो उसके साथ-साथ भांग और धतूरा खाने और पीने वाले भी शिव ही हैं। शिव की दोनों तस्वीरें साथ-साथ जुड़ी हुई हैं। भारत में करोड़ों लोग समझते हैं कि शिव धतूरा पीते हैं, शिव की पलटन में लूले-लँगड़े हैं, उसमें जानवर भी हैं, भूत-प्रेत भी हैं और सब तरह की बातें जुड़ी हुई हैं। लूले-लँगड़े, भूखे के मानी क्या हुए? गरीबों का आदमी। शिव सबके हैं। इसका अर्थ ही यह है कि शिव सभी बेसहारा प्राणियों के सहारा हैं। भांग-धतूरा का वे सेवन नहीं करते बल्कि अपने भक्तों को अपने दुगुर्णों को छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कहते हैं -लाओ अपने सारे दुर्वसन मुझे दे दो और तुम शुद्ध भाव से मेरी आराधना में लगो। मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य क्या है? जीवात्मा अनादिकाल से प्रकृति के प्रवाह में अणु-रूप में नानाविध शरीर धारण करते हुए काल की गति के साथ बह रहा है। मोक्ष की कामना को भटक रहे मानव के लिए सनातन धर्म में भक्ति को विभिन्न देवताओं की पूजा के अलग-अलग विधान हैं। सृष्टि के कल्याणकारी देवाधिदेव महादेव शिव शंकर ही ऐसे देव हैं, जो मात्र एक लोटा जल श्रद्धा भाव से ग्रहण कर ही मानव के जीवन को सरल बना देते हैं। शिव हम सभी के आसपास ही विराजमान रहते हैं। न जाने किस रूप में वे अपने भक्तों को दर्शन दे जाएं। लेकिन, उनको पहचान पाना मानव के लिए सदा से ही एक बड़ा गंभीर विषय रहा है। यह बिल्कुल ऐसा ही है जैसे आकाश में बादल रहने पर बादलों के मध्य में स्थित सूर्यबिंब दिखाई नहीं देता। सूर्योदय के बाद आकाश के मेघावृत रहने पर मेघ के हटने के साथ ही सूर्य के दर्शन होते हैं एवं उसकी किरण और धूप की भी प्राप्ति होती है। शिव की भक्ति करने वाले को अपनी मस्तिष्क के पड़े उस अज्ञान के पर्दे को हटाने की जरूरत है जो उस कल्याणकारी देव प्रभाव को नहीं देख पाता है। शिव हरेक संकट में एक आश्वासन हैं। उनकी हरेक श्मशान घाट या भूमि में लगी मूर्ति मानव समाज को राहत देती है। उन कठोर पलों में उनको देखकर ऐसा लगता है मानो कोई आपकी पीठ को थपथपा रहा है। जैसे वे कहे रहे हो, ह्लमैं अभी हूं न तुम्हारे साथ।ह्व अभी तक शिव का श्मशान भूमि में एकछत्र राज रहा है। वह उनकी दुनिया है। उसमें अतिक्रमण निषेध है। श्मशान में शिव की सत्ता है। शिव की मूर्ति के आसपास कुछ शोकाकुल लोग बैठ भी जाते हैं। उनको करीब से देखते भी हैं। मन ही मन सवाल भी करते होंगे कि क्यों श्मशान प्रिय है शिव को? हालांकि इस प्रश्न के उतर बार-बार मिल चुके हैं। सतगुरु जग्गी कहते हैं कि दरअसल शिव का श्मशान डेरा है। ह्यश्मह्न का मतलब ह्यशवह्न से और ह्यशानह्न का मतलब ह्यशयनह्न या ह्यबिस्तरह्न से है। जहां शव पड़े होते हैं, वहीं वह रहते हैं। शिव श्मशान में जाकर बैठते और इंतजार करते हैं। शिव को संहारक माना जाता है, इसलिए नहीं कि वह किसी को नष्ट करना चाहते हैं। वह श्मशान में इंतजार करते हैं ताकि शरीर नष्ट हो जाए, क्योंकि जब तक शरीर नष्ट नहीं होता, आसपास के लोग भी यह नहीं समझ पाते कि मृत्यु क्या है। वे हरेक मूर्ति में ध्यान की मुद्रा में हैं। लगता है कि वे स्वयं की खोज के लिए यात्रा में निकल पड़े हैं। वे कठोर चिंतन और ध्यान में मग्न हैं। शिव अपने भक्तों से कभी दूर नहीं जाते। श्रावण मास में समाधिस्थ शिव संसार को शंकाओं से मुक्त करते हुए समाधान से युक्त करते हैं। वे श्रद्धापूर्वक की गई प्रार्थनाओं को सुनते हुए हमारे पुरुषार्थ को फलीभूत करते हैं। सावन महीने के किसी सोमवार को शिव मंदिर में शिवलिंग के पास बैठकर पूजा करने का सुख वास्तव में अलौकिक होता है। इस दौरान काशी और झारखण्ड का वैद्यनाथ धाम तो काँवरियों से पट जाती है। महादेव शिव बनारस में लोकदेव हैं। सावन में शिव की पूजा, उपवास और ध्यान को उत्तम माना गया है। वर्ष का मास शिव को याद करने का है।

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# मोदी सरकार के 9 सालः विद्युत क्षेत्र का संपूर्ण कायाकल्प

पिछले नौ वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलावों को संभव बनाया है। निरंतर लोड शेडिंग और बिजली की कमी वाले दिन अब इतिहास हो गए। वर्ष 2014-15 से पहले, बिजली की आपूर्ति में होने वाला घाटा आश्चर्यजनक रूप से 4.5 प्रतिशत था। हालांकि, 2014 में इस सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से बिजली उत्पादन क्षमता में 185 गीगावॉट की प्रभावशाली वृद्धि की गई है। इसके साथ भारत बिजली की कमी वाले देश की जगह अधिशेष बिजली वाला देश बन गया है। आज हमारी कुल स्थापित क्षमता 417 गीगावॉट है, जोकि 222 गीगावॉट की चरम मांग से लगभग दोगुनी है। परिणामस्वरूप, भारत अब पड़ोसी देशों को बिजली का निर्यात कर रहा है। पारेषण (ट्रांसमिशन) के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2013 के बाद से, लगभग दो लाख सर्किट किलोमीटर तक फैली पारेषण लाइनों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया गया है जो पूरे देश को एक ही आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) पर संचालित होने वाले एक एकीकृत ग्रिड से जोड़ता है। इन पारेषण लाइनों में 800 केवी एचवीडीसी जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया गया है और ये समुद्र तल से 15000/16000 फीट की ऊंचाई पर स्थित श्रीनगर - लेह लाइन सहित कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण व दुर्गम इलाकों से होकर गुजरती हैं। देश के एक कोने से दूसरे कोने तक 112 गीगावॉट बिजली स्थानांतरित करने की क्षमता ने भारत को एक एकीकृत बिजली बाजार में बदल दिया है, बिजली स्थानांतरित करने की यह क्षमता 2014 में मात्र 36 गीगावॉट की थी। स्थानांतरण की इस क्षमता की सहायता से वितरण कंपनियों को देश भर में किसी भी उत्पादक कंपनी से प्रतिस्पर्धी दरों पर अधिकतम बिजली खरीदने की सहूलियत मिल गई है। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली मिलने लगी है। सभी लोगों तक बिजली पहुंचाना इस सरकार के प्रयासों का एक प्रमुख फोकस रहा है। हमारी सरकार के सत्ता में आने से पहले, आजादी के 67 साल बाद भी 18,000 से अधिक गांव और कई बस्तियां बिजली से वंचित थीं। अगस्त 2015 में, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 1000 दिनों के भीतर हर गांव को विद्युतीकृत करने के लक्ष्य की घोषणा की थी। पहाड़ी क्षेत्रों और रेगिस्तानी इलाकों में लॉजिस्टिक से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, सरकार ने निर्धारित समय से 13 दिन पहले, केवल 987 दिनों में ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इस उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने 2018 में ऊर्जा क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण खबर के रूप में मान्यता दी थी। इस सफलता को आधार बनाकर आगे बढ़ते हुए, सरकार ने हर घर को बिजली से जोड़ने का लक्ष्य रखा। उल्लेखनीय तरीके से, यह लक्ष्य 18 महीनों के भीतर ही हासिल कर लिया गया और कुल 2.86 करोड़ घरों को बिजली से जोड़ा गया। बिजली पहुंचाने की दिशा में यह तेज प्रसार ऊर्जा क्षेत्र के इतिहास में अभूतपूर्व है, जिसे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी से मान्यता मिली है। मोदी सरकार की नीति यह सुनिश्चित करने की है कि कोई भी पीछे न छूटे। वितरण प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से, सरकार ने सभी राज्यों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृत लागत से व्यापक योजनाएं लागू कीं। इन योजनाओं में नए सबस्टेशनों का समावेश करना, मौजूदा सबस्टेशनों को उन्नत करना, ट्रांसफार्मर की स्थापना और हजारों किलोमीटर लंबी एलटी व एचटी लाइनों का निर्माण एवं उन्हें बदलना शामिल था। इन प्रयासों की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की औसत उपलब्धता 2015 में 12 घंटे से बढ़कर आज 22.5 घंटे हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में अब औसतन 23.5 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। परिणामस्वरूप, डीजी सेट का बाजार अब समाप्त हो गया है! सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा पर अपना ध्यान केन्द्रित करके पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की है। वर्ष 2015 में, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2022 तक 175 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य की घोषणा की थी। वर्तमान में, कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों के तहत अतिरिक्त 84 गीगावॉट के साथ भारत ने 172 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित की है। इस विकास ने भारत को नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले देश के रूप में स्थापित किया है। अपनी इस ख्याति के कारण भारत ने दुनिया भर के प्रमुख कोषों से निवेश को आकर्षित किया है। इसके अलावा, भारत ने निर्धारित समय से नौ साल पहले ही 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से 40 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता की अपनी प्रतिबद्धता हासिल कर ली है। वर्तमान में, स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 43 प्रतिशत हिस्सा यानी कुल 180 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से आता है। सरकार उत्सर्जन की तीव्रता को कम करने में भी सफल रही है। वर्ष 2005 के स्तर की तुलना में उत्सर्जन की तीव्रता को 33 प्रतिशत - 35 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य को हासिल करके, भारत ने खुद को वैश्विक तापमान में 2-डिग्री से कम वृद्धि करने के विचार के अनुरूप चलने वाले एकमात्र जी-20 देश और प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है, उजाला (एलईडी वितरण), ह्यप्रदर्शन करें, उपलब्धि हासिल करें और व्यापार करेंह्न परफॉर्म, अचीव एंड ट्रेड (पीएटी), उपकरणों के लिए स्टार रेटिंग कार्यक्रम और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जैसे विभिन्न कार्यक्रमों ने कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में प्रति वर्ष 159 मिलियन टन की कमी लाने में योगदान दिया है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



स्वाभिमान के लिए संग्राम करने की भावना राजस्थान की धरती के लोगों में कूट-कूट कर भरी हुई है। यही भावना राजस्थान के गौरवशाली इतिहास का आधार रही है। जनजातियों सहित राजस्थान के सभी समुदायों के लोगों ने देशप्रेम के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



गौरवपूर्ण पल! श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 के ऐतिहासिक सफल प्रक्षेपण की सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। हमारे देश के कर्मठ और मेहनतकश वैज्ञानिकों की बदौलत हम नित नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इसरो ने आज एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है। सभी को पुनः हार्दिक बधाइयां और जोहार।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



टाटा लीज क्षेत्र की 4 बस्तियों के उपभोक्ताओं ने टीयुआईएसएल (जुस्को) की पेयजल आपूर्ति में गंदगी एवं कीड़े आने की शिकायत मुझे भेजा है। शिकायतकताओं का फोन, शिकायतों का स्क्रीन शॉट मैंने एमडी को भेजा दिया है। उन्होंने तुरंत कारवाई का आश्वासन दिया है। कहीं भी ऐसा हो तो सूचित करें।

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# सकारात्मक ऊर्जा की स्रोत है सावन शिवरात्रि

शिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। हालांकि पूरे साल मनाई जाने वाली इन शिवरात्रियों में से दो की मान्यता सर्वाधिक है, फाल्गुन महाशिवरात्रि और सावन शिवरात्रि। प्रायः जुलाई या अगस्त माह में मानसून के सावन महीने में मनाई जाने वाली सावन शिवरात्रि को कांवड़ यात्रा का समापन दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 जुलाई शनिवार को रात 8.32 बजे से शुरू हो रही है और इस तिथि का समापन 16 जुलाई की रात 10.08 बजे होगा। विभिन्न हिन्दू तीर्थ स्थानों से गंगाजल भरकर शिवभक्त अपने स्थानीय शिव मंदिरों में इस पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार भारत में सावन शिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन तीर्थस्थलों के गंगाजल से जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। सावन शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान और लोभ से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह व्रत कुंवारी कन्याओं के लिए श्रेष्ठ माना गया है और यह व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान तथा लोभ से भी मुक्ति मिलती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे ह्यनीलकंठह्न के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव ह्यचन्द्रशेखरह्न भी कहलाए।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



राजधानी का नगर निगम लोगों को नगारिक सुविधाएं देने में भले ही गैर जवाबदेह बना हुआ है लेकिन टैक्स वसूली के मामले में उसकी सक्रियता कभी-कभी कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। निगम की इंफोर्समेंट टीम शहर में जगह-जगह घूमकर ट्रेड लाइसेंस के नाम पर डरा-धमकाकर वसूली कर रही है। संविदा के आधार पर एक निजी एजेंसी को टैक्स वसूली जैसे होल्डिंग टैक्स, पानी का टैक्स , ट्रेड लाइसेंस, बनाने का जिम्मा दिया गया है। यह एजेंसी कांट्रैक्ट बेसिस पर बहाली कर रही है। कंट्रैक्ट बेसिस पर बहाल किए गए लड़के कमीशन पर काम करते हैं। इसके लिए उन्हें बाकायदा लक्ष्य दिया जाता है जिसे उन्हें पूरा करना होता है। इसी टारगेट को पूरा करने के नाम पर पूरा गोरख धंधा हो रहा है। खुदरा दुकानदार ट्रेड लाइसेंस के लिए जाते हैं तो 300, 1500, और 2500 कैटेगरी के अनुरूप रसीद काटी जाती है। पैसा जमा करने के बाद सालभर तक लाइसेंस निर्गत नहीं किया जाता है। खुदरा दुकानदार दौड़ लगाते रहते हैं। यह स्थिति तब है जब नियम के तहत पैसा जमा करने के 22 दिन के अंदर लाइसेंस निर्गत कर दिया जाना है। यह इंफोर्समेंट की टीम या उस क्षेत्र के जो टैक्स कलेक्टर होते हैं जो ट्रेड लाइसेंस इन दुकानदारों से मांगते हैं। दुकानदार जमा करने की बात कह कर रसीद दिखाते हैं तो उनसे कहा जाता है आपका आनलाइन चढ़ा हुआ नहीं है। लाइसेंस दिखाने की जिद पर आड़े रहते हैं। इसी का फायदा उठा कर फाइन के नाम पर मनमाने तरीके से फाइन काटने की धमकी देते हैं। दुकानदार को डरा कर पैसे की वसूली की जा रही है। सोचने वाली बात है कि इसमें दुकानदार का क्या दोष। निगम की कार्यप्रणाली ही ऐसी है कि आम लोग परेशान होते रहते हैं।

**राणा रणधीर सिंह, समाजसेवी रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## स्वच्छता सर्वे को लेकर लोगों को किया जाएगा जागरूक



**ROURKELA :** राउरकेला महानगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के बारे में लोगों को जागरूक करने और लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए तैयारी बैठक हुई। उपायुक्त सुधांशु भोई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान स्वच्छ साथियों, स्वच्छ पर्यवेक्षकों, स्लम निवासी संघ के सदस्यों के साथ हुई। बैठक में लोगों को सर्वेक्षण के प्रति कैसे जागरूक करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

## स्ट्रीट फूड सुपरस्टार प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला पुरस्कार



**ROURKELA :** स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वस्थ और स्वच्छ भोजन परोसने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्ट्रीट फूड सुपरस्टार प्रतियोगिता आयोजित हुई। यह प्रतियोगिता का दूसरा चरण समाप्त हुआ। चार सर्वश्रेष्ठ खाद्य विक्रेताओं को आरएमसी आयुक्त सह राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ डॉ. शुभंकर महापात्रा ने नकद पुरस्कार राशि प्रदान किया गया।

## राउरकेला का स्मार्ट पार्क हुए क्षतिग्रस्त



**ROURKELA :** राउरकेला नगर निगम ने खुले मैदान को आरएमसी पार्क में बदल दिया है, लेकिन अधिकांश पार्कों के गेट अभी तक नहीं खोले गए हैं। वहीं कोई रख रखाव नहीं किया जा रहा है। खेल के उपकरण बिना उपयोग के क्षतिग्रस्त हो गए हैं। रात के समय लगाई गई डिजाइनर लाइटें भी महज शो पीस बना हुआ है। एक भी लाइट काम नहीं कर रही है। पार्क में असामाजिक गतिविधियां हो रही हैं।

## पूर्व पुलिस अधिकारी की पीट-पीटकर हत्या, 3 संदिग्ध हिरासत में

**JHARSUDUDA :** पूर्व पुलिस अधिकारी की पीट-पीटकर शुक्रवार शाम को हत्या कर दी गई। घटना झारसुगुड़ा जिले के रेंगाली थाना अंतर्गत कतरबेगा स्थित माकनलेई फ्यूल पेट्रोल पंप के पास घटी है। मृतक की पहचान मछिदा गांव के गणेश सिंह के रूप में की गई है। दरअसल कल शाम गणेश किसी काम से कतरबेगा स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। किसी बात को लेकर पेट्रोल पंप कर्मचारियों से बहस हो गई। इसके बाद कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने गणेश की पिटाई कर दी। गणेश को गंभीर हालत में जिला प्रमुख अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गणेश के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस 3 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और घटना की जांच कर रही है।

## जिला ओलंपिक संघ 16 जुलाई को खिलाड़ियों को करेगा सम्मानित

**CHAIBASA :** पश्चिम सिंहभूम जिला ओलंपिक एसोसिएशन 16 जुलाई को चाईबासा के एक रेस्टोरेंट में जिला के लगभग 200 खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित करेगा। जिला ओलंपिक संघ पिछले साल से जिले के वैसे खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है जो राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तरीय खेलों में पदक जीत कर जिला एवं राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। इस बार एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, आर्चरी, योगा, फुटबॉल, रग्बी, कराटे, ताइक्वांडो, खो-खो, कबड्डी, बॉलीबॉल, चेस, बैडमिंटन आदि खेल के खिलाड़ियों एवं कोचों को सम्मानित किया जाएगा।

### कोल्हान विवि में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिमान और असंयमित युद्ध पर कार्यशाला आयोजित

# युवा देश को सर्वोपरि मान विकास में अपना योगदान दें : रमन पुरी

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान विश्वविद्यालय एवं साइबर विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति सह प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एडमिरल रमन पूरी, लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुवेर्दी श्री बालाजी वेंकटेश्वर ने साइबर सिक्योरिटी के संदर्भ में उपस्थित सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित किया एवं आने वाले समय में छात्र छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी से संदर्भित विशेषताओं एवं आवश्यकताओं को देखते हुए एक सैनिक की भांति देश की रक्षा करने हेतु आगे आने का आवाहन किया। रमन पुरी ने अपने अभिभाषण में छात्र छात्राओं को देश को सर्वोपरि मानते हुए देश के विकास में अपना सहयोग देने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

जनरल वीके चतुवेर्दी ने अपने अभिभाषण में छात्र छात्राओं को बताया कि किस तरह 1965 और 1971 के युद्ध में हमारे सैनिकों ने अपने देश के लिए अपनी जान को निछावर कर हमें सुरक्षित रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इसके बाद किस तरह मात्र 156 हमारे सैनिकों ने भारत चाइना बॉर्डर पर चाइना के सैकड़ों सैनिकों के साथ लोहा लिए तथा अपने जान को निछावर कर देश की सीमा में किसी भी अतिक्रमण होने से रोका एवं हमें सुरक्षित रखा। उसी प्रकार आज हमारे छात्रों को साइबर क्राइम जैसे समस्याओं से लड़ने के लिए हमारे छात्र छात्राओं को आगे आने का आग्रह किया।




कार्यशाला में अभिभाषण देते अतिथि। • फोटोन न्यूज

बालाजी वेंकटेश्वर ने अपने साइबर विद्यापीठ द्वारा संचालित साइबर से संदर्भित एक निशुल्क ट्रेनिंग करने हेतु छात्रों को जानकारी दी तथा कहा कि देश में लाखों की संख्या में फाइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में रिक्तियां है पर साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग के अभाव में लोग नहीं मिल पा रहे हैं जिससे उन व्यक्तियों को भरा नहीं जा रहा है। इसलिए छात्र-छात्राएं अब साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ट्रेनिंग लेकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं एवं देश को सहावर क्राइम से बचने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया है एवं प्रोफेसर जयंत शेखर कुलसचिव कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा स्वागत भाषण देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे प्रारंभ हुआ तथा संध्या 5:00 बजे तक कार्यक्रम चलता रहा। जिसमें विभिन्न विभागों एवं महिला कॉलेज चाईबासा, टाटा कॉलेज चाइबासा के सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ पी के पाणी वित्त पदाधिकारी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वित्त परामर्शी श्री रमेश कुमार वर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉक्टर एससी दास, संकायाध्यक्ष विज्ञान डॉक्टर सरिता प्रसाद संकायाध्यक्ष समाजशास्त्र लोकनाथ, कोऑर्डिनेटर आइक्यूएसी डॉ संजय कुमार गोराई थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ एम एन सिंह द्वारा किया गया।

# फाइलेरिया की रोकथाम जागरूकता से ही संभव : शशि भूषण महतो



कार्यशाला में जानकारी देते अतिथि। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज के आईक्यूएसी सेल एवं एनएसएस इकाई और जिला प्रशासन की फाइलेरिया नियंत्रण एवं जागरूकता इकाई के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज में किया गया।

जिला फाइलेरिया समन्वयक शशि भूषण महतो और अशोक कुमार ने इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को मच्छर जनित फाइलेरिया बीमारी के बारे में अति आवश्यक जानकारी दी।

इस दौरान बताया गया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। जिसका रोकथाम सिर्फ जागरूकता के माध्यम से ही किया जा सकता है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजीव कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो बसंती कालुंडिया, डॉ मुरारीलाल, प्रो पिंकी कुमारी, प्रो पूजा साहू, प्रो आनंद शास्त्री, प्रो करण टुडू, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो मुकुल मुंडा समेत महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केंद्र में मोबाइल की रोशनी में मरीजों का इलाज



मोबाईल की रोशनी में मरीज व परिजन। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर समूह स्वास्थ्य केंद्र में जेनरेटर सेट पिछले तीन दिन से खराब है। ऐसे में यहां बिजली गुल हो जाने पर इलाज करना बड़ी समस्या है। गुरूवार रात दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला इलाज के लिए राजगांगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई। उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान अचानक बिजली गुल हो गई और परिवार और अस्पताल कर्मचारियों ने मोबाइल की लाइट से उनका इलाज किया। बाद में उनकी हालत अधिक गंभीर होने के कारण मोबाइल टॉर्च की रोशनी की मदद से राउरकेला ले जाया गया।

यही हाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य केंद्र के प्रसूति विभाग का भी है। बिजली का तार टूट जाने के बाद नवजात शिशु के साथ एक माँ गर्मी में इधर-उधर भटक रही है। वहां का जेनरेटर सेट तीन दिन से खराब है। राजगांगपुर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ही एकमात्र उम्मीद है। इसलिए इस स्वास्थ्य केंद्र में रोगी देखभाल को सुव्यवस्थित करने की सामान्य मांग है।

# मरम्मत व नियमित पानी छिड़काव की मांग को लेकर महिलाओं ने किया सड़क जाम

**PHOTON NEWS CHANDIL :** सड़क मरम्मति की मांग पर हुमिद टोला करमगोड़ा की महिलाओं ने शुक्रवार को वनराज स्टील कंपनी का रास्ता छह घंटा तक बंद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि वनराज कंपनी इसी रास्ते से रोज सैकड़ों वाहनों से कोयला व आयरन की ढुलाई करती है। लेकिन कंपनी द्वारा सड़क की मरम्मती नहीं की जा रही है और न ही सड़क पर रोज पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सड़क पर उड़ती धूल से तंग आकर महिलाओं ने शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे से दिन के 3 बजे तक सड़क जाम कर दिया। जिसके कारण सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

### दस दिनों के अंदर भरे जाएंगे गड्ढे

सड़क जाम करने वाली महिलाओं के समर्थन में नीमडीह के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री अनिता पारित करमगोड़ा पहुंची। मौके पर अनिता पारित ने वनराज स्टील कंपनी के जीएम से बात करने के दौरान कहा कि महिलाओं पर अत्याचार व अन्याय बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जामस्थल पर वनराज कंपनी के महाप्रबंधक ने लिखित आश्वासन दिया कि 10 दिनों के अंदर रास्ते के गड्ढे को भरा जाएगा। इसके साथ ही नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी किया जाएगा। इसके बाद महिलाओं ने सड़क जाम हटाया। मौके पर लक्ष्मी लोहार, प्रतिमा लोहार, गुरुवारी तंतुबाई, बबली लोहार, कौशल्या देवी, शिल्पा लोहार, गुरुबारी लोहार, पूजा लोहार, बसंती प्रमाणिक, तुलसी तंतुबाई आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



समझौता पत्र के साथ जीएम व ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

# नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले ईचागढ़ के कार्यकर्ता



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी से मिलते कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHANDIL :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपाई शुक्रवार को भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिले। मुलाकात के दौरान सभी ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भाजपा और अधिक मजबूत और धारदार बनेगी। पार्टी के नेता व कार्यकताओं ने बाबूलाल मरांडी से मिलकर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी और भावी कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा की।

**कुशल नेतृत्व में भाजपा का होगा विस्तार :** भाजपा नेता भूषण चंद्र मुर्मू के नेतृत्व में रांची स्थित आवास में बाबूलाल मरांडी से मिलने वालों में नीमडीह की पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिता पारित, गम्हरिया के जिला परिषद सदस्य शंभूनाथ मंडल, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोरंजन महतो, दीजपद पारित समेत भारतीय जनता पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। इस संबंध में भूषण मुर्मू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कुशल नेतृत्व में भाजपा का विस्तार होगा। झारखंड के भौगोलिक व राजनीतिक जानकारी उन्हें बखूबी है।

# ओड़िशा का तेजी से विकास करना हम सबों का साझा उद्देश्य : नवीन पटनायक

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** ओडिशा सरकार के विभिन्न विभागों में शामिल हुए 181 नए अधिकारियों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सीएम नवीन पटनायक ने नए अधिकारियों से ओडिशा में तेजी से बदलाव देखने के लिए प्रयास करने को आह्वान किया। सीएम ने कहा कि ओडिशा को सबसे तेजी से बदलते हुए देखना सभी का साझा उद्देश्य है। इसी जुनून के साथ ओडिशा की सेवा करने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि अपना करियर बनाने के लिए जो प्रयास किए, वही प्रयास नए सशक्त ओडिशा के निर्माण के लिए भी आवश्यक हैं।

परिवर्तनकारी पहल पर बोलते हुए, सीएम ने कहा कि फाइव टी पहल ने विकास प्रक्रिया को गति दी है। नई भर्तियों से इन सिद्धांतों का पालन करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि नए अधिकारी हमारे राज्य के उच्च शिक्षित, प्रतिभाशाली और प्रतिबद्ध युवा हैं। सीएम ने उन पर बड़ी आशा और विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में नई भर्तियों के योगदान का परिवर्तन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

नए अधिकारियों में ओडिशा शिक्षा में 104 शिक्षक प्रशिक्षक, ओडिशा सरकार के गृह विभाग में 62 सहायक निदेशक कानून और योजना एवं अभिसरण विभाग, ओडिशा सरकार में 15 सहायक निदेशक सांख्यिकी शामिल हैं।




कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री नवीन पटनायक व अन्य। • फोटोन न्यूज

# एसीबी जमशेदपुर की टीम ने चाईबासा विशेष प्रमंडल के रोकड़पाल को 50 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** एसीबी जमशेदपुर की टीम ने शुक्रवार को लगभग 11 बजे ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता कार्यालय चाईबासा के रोकड़पाल भवतरण सिंह (बीटी सिंह) को 50 हजार रूपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। उसे गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम जमशेदपुर ले गई। जहां आरोपी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। इस संबंध में मंझारी प्रखंड के तोरलो निवासी निराकर बिरूवा ने एसीबी से शिकायत की थी। इनके शिकायत पर एसीबी की टीम सत्यता की जांच की इसके बाद आरोपी बीटी सिंह को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस कस्टडी में गिरफ्तार रोकड़पाल बीटी सिंह। • फोटोन न्यूज

बताया जा रहा है कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से डीएमएफटी फंड से मंझारी प्रखंड के रोलाडीह प्लस टू हाईस्कूल के खेल मैदान में चेंजिंग रूम व शौचालय निर्माण के लिए कुल 12 लाख 46 हजार 700 रुपये की योजना स्वीकृत की गई थी। इस योजना का सीएस के लिए रोकड़पाल बीटी सिंह ने संवेदक से 99 हजार रुपये का घूस मांग रहा था। निराकर बिरूवा घूस नहीं देना चाहता था। फिर भी रोकड़पाल ने उसपर सीएस कराने के बाद एग्रीमेंट कराने के लिए दबाव बनाते हुए 60 हजार रूपए मांगने लगे। फिर भी बात नहीं बनी तो उसने 50 हजार रुपए देने को कहा। इससे नाराज होकर निराकर बिरूवा ने इसकी शिकायत एसीबी में कर दी। एसीबी की टीम इसकी सत्यता की जांच की। जिसके बाद जाल बिछाकर शुक्रवार को 50 हजार रुपए घूस लेते उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एसीबी की टीम लेखापाल बीटी सिंह को लेकर अपने साथ जमशेदपुर ले गई।

जमशेदपुर मानगो स्थित उनके आवास पर भी एसीबी छापामार की गई। एसीबी की टीम में डीएसपी, इंस्पेक्टर सहित काफी संख्या में पुलिस बल शामिल थे। इस कार्रवाई से विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता का कार्यालय में हड़कंप मच गई। यहां मौजूद पदाधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोग जबतक समझ पाते कि देखते ही देखते रोकड़पाल बीटी सिंह एसीबी के हत्थे चढ़ गए।

### HARILA PANCHAYAT के कोनाबासा में बैठक आयोजित, क्षेत्र की जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

# जनकल्याणकारी योजनाओं पर कोताही बर्दाश्त नहीं हरिला और हाथीमंडा को जोड़ने के लिए होगा पुल का निर्माण : विधायक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्ण रूप से धरातल में उतरेगी। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त बातें माननीय विधायक दीपक बिरुवा शुक्रवार को सदर प्रखंड अंतर्गत हरिला पंचायत के कोनाबासा में आयोजित बैठक में कही। बैठक में पंचायत क्षेत्र की जनसमस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया जगमोहन सवैंया की अध्यक्षता में बैठक हुई।



ग्रामीणों संग बैठक करते विधायक दीपक बिरुआ। • फोटोन न्यूज

बैठक में समस्याओं को सुनने के बाद विधायक दीपक बिरुवा ने कहा जनहित में अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं का कार्यान्वयन के लिए शीघ्र ही अनुशंसा करेंगे। श्री बिरुवा ने कहा हरिला और हाथीमंडा को जोड़ने के लिए पुल निर्माण कराने की घोषणा किए। वहीं ग्रामीणों की मांग पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक चेकडैम हरिला में निर्माण कराने की बात कही। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पंचायत भवन का चारदीवारी बनवाने का आग्रह किया।

**पार्टी में जुड़ने को युवा तैयार :** बैठक के दौरान आसपास क्षेत्र के युवाओं ने झामुमो के नीति सिद्धांत और विधायक जी के कार्यशैली से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल होने की कटिबद्ध दिखे। इस पर विधायक दीपक बिरुवा ने कहा जल्द ही पार्टी के कार्यक्रम में युवाओं को सदस्यता दिलाई जाएगी।

बैठक में मुखिया जगमोहन सवैंया के अलावा अभिषेक दास, रोशन गोप, मंगल सवैंया, मानकी आल्डा, लक्ष्मण आल्डा, जगबंधु आल्डा, धनसिंह आल्डा, रजनीकांत मुंदुइया, चुन्नू आल्डा, सुनीता आल्डा, गारदी आल्डा, दिनेश बुड़ीउली ने जनसमस्याओं पर विचार रखे।

# भाजपा और आदिवासी परिषद ने 5 टी सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** कुचींडा आदिवासी सांस्कृतिक परिषद और भाजपा ने संयुक्त रूप से 5 टी सचिव के नाम विभिन्न मांगो को लेकर शुक्रवार को एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। परिषद के सचिव पूर्व विधायक बृंदावन माझी के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में कुचींडा अनुमंडल को आदिवासी जिला की मान्यता देने,अनुमंडल में एक आदिवासी म्यूजियम, आदिवासी विश्वविद्यालय और तालीम केंद्र स्थापना, प्रस्तावित केंद्रीय विश्वद्यालय को शीघ्र शुरू करने,कृषि और किसान के उन्नति के लिए विभिन्न नदियों में बराज निर्माण,प्रत्येक प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज निर्माण, बामडा और जमनकीरा में एकलव्य विद्यालय का निर्माण समेत अन्य मांगों का उल्लेख किया गया है।



डिप्टी कलेक्टर भास्कर चंद्र बेहरा ने ज्ञापन स्वीकार किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान बामडा पंचायत समिति चेयरमैन पिंकी धुरुआ, वाइस चेयरमैन संजय दास, बामडा जोन २ के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील दास, रमेश प्रधान, अमोघ पानीग्राही, दुष्मंत नायक, बीरेंद्र चौधरी, रश्मिकांत सामल और अन्य शामिल थे।



# यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट की एंट्री

बॉलीवुड की सुपरस्टार अभिनेत्री आलिया भट्ट को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, अभिनेत्री जल्द ही यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाली है। इतना ही नहीं सामने आई जानकारी के मुताबिक आलिया फिल्म में लीड रोल निभाएगी। बता दें, आदित्य चोपड़ा अपने स्पाई यूनिवर्स का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। ये विस्तार एक बड़ी बजट एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ होने वाला है, जिसमें आलिया मुख्य भूमिका में होगी। इसी के साथ अभिनेत्री यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की मुख्य भूमिका में पहली महिला जासूस बनेगी। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने पिंकविला को बताया, 'आलिया भट्ट आज के समय में सबसे बड़ी भीड़ खींचने वालों में से एक हैं और वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में सलमान खान, ऋतिक रोशन और शाहरुख खान की तरह एक सुपर-एजेंट की भूमिका निभाएंगी। आदित्य चोपड़ा और टीम ने आलिया भट्ट के साथ एक महाकाव्य महिला प्रधान जासूसी फिल्म की योजना बनाई है, जो अभिनेत्री को उसके शिखर पर पहुंचा देगी।' यशराज फिल्म्स ने साल 2012 में फिल्म 'एक था टाइगर' से अपने स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत की थी। फिल्म में सलमान खान और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में थे। दोनों की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई और इसी के साथ यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स को बॉलीवुड के एक खास जगह मिल गयी। इसके बाद टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान के साथ यशराज का स्पाई यूनिवर्स आगे बढ़ा और बॉक्स ऑफिस पर अपनी फिल्मों का डंका बजाया। पठान की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद अब यशराज फिल्म के मालिक आदित्य चोपड़ा स्पाई यूनिवर्स को और बड़ा करने की तैयारी में जुट गए हैं। वो आलिया भट्ट के साथ एक बड़ी बजट एक्शन फिल्म बनाने वाले हैं, जो अगले साल फ्लोर पर जायेगी।




# सुनील शेट्टी को शुरुआत में करना पड़ा था बेहद संघर्ष

अभिनेता सुनील शेट्टी को इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों में बहुत अधिक संघर्ष करना पड़ा। शेट्टी ने साल 1992 में आई फिल्म बलवान से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें लोकप्रियता साल 1994 में आई फिल्म मोहरा से मिली। उसी साल आई उनकी गोपी किशन भी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। शुरुआत में आलोचकों से भी उन्हें काफी आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी थी। इन चीजों से केवल वही नहीं बल्कि उनकी फैमिली पर भी असर पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि मैंने ये पहले से ही तय कर लिया था कि मैं अपने बच्चों को भारतीय स्कूल में नहीं पढ़ाउंगा। मैं अपने बच्चों को अमेरिकन बोर्ड के स्कूल में पढ़ाना चाहता था। मैं ऐसी फैकल्टी चाहता था जो कि अमेरिकन हो। इसके पीछे वजह ये है कि मैं नहीं चाहता था कि मेरे बच्चों को स्पेशल फील कराया जाए कि वो सिलेब्रिटी के बच्चे हैं या उन्हें बताया जाए कि वे किसके बच्चे हैं। मैं उन्हें एक ऐसी दुनिया में जाने देना चाहता था जहां इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कौन हैं। मुझे लगता है कि ये काम कर गया। मुझे याद है मेरे पिताजी मुझसे कहते थे कि इसके लिए बहुत पैसे खर्च करने होंगे।

उन्होंने बेटी आथिया के बारे में बातें करते हुए उन्होंने कहा, हम आथिया को लेकर एडमिशन के लिए अटलांटा गए और वहां उन्होंने कॉलेज देखा। सब कुछ हो गया और उन्हें पसंद भी आया। उनका एडमिशन हो गया और जब हम वापस आ रहे थे, तब उसने मुझसे एयरपोर्ट पर कहा- पापा, मैं ये करके खुश नहीं हूं। फिर मैंने उससे पूछा कि फिर आपको क्या करना है। इस पर आथिया ने मुझसे कहा- मैं फिल्मों में काम करना चाहती हूं। मैंने कहा कि ये अच्छी बात है लेकिन क्या अपनी असफलताओं को स्वीकार कर पाओगे? क्योंकि ये बहुत तनावपूर्ण होता है।

# कार्तिक आर्यन ने शुरू की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन बैक टू बैक हिट फिल्में बॉक्स ऑफिस पर दे रहे है। कार्तिक की हालिया रिलीज फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' भी हिट साबित हुई है। हाल ही में कार्तिक ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा भी की है। इस फिल्म का नाम 'चंदू चैंपियन' है। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किया जाएगा। 'चंदू चैंपियन' का निर्देशन कबीर खान द्वारा किया जा रहा है। वहीं अब कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है। कार्तिक ने एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक को 'चंदू चैंपियन' के पहले टेक के लिए क्लैपबोर्ड की तरफ इशारा करते देखा जा सकता है, जिसे कबीर खान ने पकड़ा हुआ है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'शुभारंभ। और मेरे करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक यात्रा शुरू होती है... कैप्टन कबीर खान के साथ चंदू चैंपियन। फिल्म चंदू चैंपियन की कहानी एक खिलाड़ी की असाधारण असल जीवन की कहानी है, जिसमें उसकी कभी हार न मानने की भावना को दर्शाया गया हैं। कार्तिक इस फिल्म में चंदू का किरदार निभाएंगे।फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# द ट्रायल में वकील नोयोनिका की भूमिका में नजर आयेंगी काजोल

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल जल्द ही अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा में एक वकील नोयोनिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी। बनिजय एशिया द्वारा निर्मित द ट्रायल-प्यार, कानून, धोखा का सुपर्ण एस. वर्मा ने निर्देशन किया है। इसमें शीबा चड्ढा, जिशु सेनगुप्ता, एली खान, कुब्रा सैत और गौरव पांडे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सीरीज में, नोयोनिका अपने सपने का पीछा करती है और अपने बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताती है और काम को मैनेज करती है। कजोल ने कहा व्यस्त कार्यक्रम के बाद भी उनके पास एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम है, जो उन्हें अपने काम में एक्सीलेंस हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। काजोल एक्ट्रेस काजोल ने कहा ?कि मेरे पास सबसे अद्भुत परिवार है, जो मेरा सपोर्ट करता है। वास्तव में, मेरी सास उन पहले लोगों में से एक थीं जिन्होंने मुझसे कहा कि नीसा के जन्म के बाद मुझे काम करना शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, उसकी चिंता मत करो और हम तुम्हारे लिए हैं। मेरे पति अपना शेड्यूल मेरे अनुसार तैयार करते हैं। इसलिए, अगर मुझे कोई आउटडोर शूट करना है, तो वह सुनिश्चित करते थे कि उनके पास कोई शूट न हो और इसके विपरीत, आप जानते हैं कि हम एक-दूसरे के लिए ऐसा करते हैं। काम और परिवार के बीच एक हेल्दी बैलेंस बनाना इन दिनों एक जरूरी स्किल है।

उन्होंने आगे कहा कि जहां तक काम करने और अपने बच्चों से दूर समय बिताने का सवाल है, मेरी मां हमेशा इस बात पर जोर देती थीं कि क्वालिटी हमेशा क्वांटिटी से अधिक महत्वपूर्ण होती है। भले ही आप दिन में 10 मिनट भी बिताते हैं, वह समय अपने बच्चों के साथ बिना किसी ध्यान भटकाए, बिना हाथ में फोन या टीवी चालू किए, बस आप टाइम बिताए। मुझे लगता है कि एक माता-पिता के रूप में यह सबसे अच्छी बात है जो मैं कर सकती हूं।

# इतिहास शिक्षक की भूमिका में नजर आये वरुण धवन



साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित बवाल, 21 जुलाई को प्रदर्शित होगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। बवाल का प्रीमियर पेरिस के प्रतिष्ठित सैले गुस्ताव-एफिल थिएटर में होगा। इसके साथ ही यह आयोजन स्थल पर प्रदर्शित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन जाएगी। फिल्म में वरुण धवन एक इतिहास शिक्षक की भूमिका निभाते हैं जो छात्रों को गलत इतिहास पढ़ाता है, जो बाद में बवाल का कारण बनता है। जान्हवी कपूर और वरुण पहली बार प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए एक साथ आए। इस फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के बीच दिखाई गई लव स्टोरी को वर्ल्ड वॉर 2 से कनेक्ट किया गया है। जो अपने आप में काफी दिलचस्प है। दिखाए गए ट्रेलर में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के बीच रोमांटिक स्टोरी आगे जाकर एक बवाल का रूप लेती है। यही इस फिल्म की कहानी है। फिल्म का कॉन्सेप्ट काफी दिलचस्प और अलग है। जो दर्शकों को उत्साहित करने के लिए काफी है। गौरतलब है कि फिल्म बवाल के निर्देशक नीतेश तिवारी हैं। जो इससे पहले आमिर खान के साथ दंगल और सुशांत सिंह राजपूत स्टारर छिछोरे जैसी नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म दे चुके हैं। अब उनकी ये फिल्म भी काफी दिलचस्प और अलग सी कहानी लेकर आ रही है। जिसे देखने के लिए फैंस भी एक्साइटेड हैं। साथ ही फिल्म में पहली बार वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी बन रही है।